बुधवार, 30 अक्टूबर 2024

मौसम
तापमान 34 – 25
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 5:40 सूर्यास्त: 17:00

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : रिश्ता बड़ी-बड़ी बात करने से नहीं, छोटी-छोटी बात समझने से गहरा होता है।




आज कोई भी माफिया और अपराधी कानून से खिलवाड़ नहीं कर सकता: योगी आदित्यनाथ -पृष्ठ 6




# 'राजनीतिक स्वार्थ' के चलते दिल्ली, बंगाल की सरकारें आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं कर रहीं : मोदी

- देश के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा,
- स्वास्थ्य क्षेत्र में 12,850 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया
- एम्स-कल्याणी में नयी सुविधाओं का किया उद्घाटन



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'राजनीतिक स्वार्थ' के चलते आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू नहीं करने को लेकर मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि इन दोनों राज्यों के बुजुर्गों को इसके विस्तारित कार्यक्रम के तहत मुफ्त इलाज का लाभ नहीं मिल पाएगा। राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी शामिल करने की योजना की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस योजना से सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। उन्होंने कहा, ''मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल के 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। मुझे पता तो चलेगा कि आपको कष्ट है, लेकिन मैं आपकी मदद नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने कहा, कारण...अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार 'आयुष्मान भारत योजना' से जुड़ नहीं रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए अपने ही राज्य के बीमार लोगों के साथ 'जुल्म करने की प्रवृत्ति' मानवता की दृष्टि से किसी भी तराजू पर खरी नहीं उतरती। मोदी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा और उन्हें 'आयुष्मान वय वंदना' कार्ड दिया जाएगा, मगर अफसोस है कि वह अन्य राज्यों में लोगों की सेवा तो कर पाएंगे, लेकिन दिल्ली और पश्चिम बंगाल में नहीं। उन्होंने कहा, ''मैं देश के लोगों की सेवा तो कर पा रहा हूं लेकिन राजनीतिक स्वार्थ की दीवारें मुझे दिल्ली और पश्चिम बंगाल के बुजुर्गों की सेवा करने से रोक रही हैं। मेरे दिल में कितना दर्द होता होगा, इसे मैं शब्दों में बयान नहीं कर पाऊंगा।'' दिल्ली में 2025 और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। धन्वन्तरी जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद मोदी ने कहा कि इस साल के आम चुनावों के दौरान उन्होंने वादा किया था कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आज आज धनवंतरी जयंती के दिन ये गारंटी पूरी हो रही है।'' मोदी ने कहा कि जब तक देश का गरीब और मध्यम वर्ग महंगे इलाज के बोझ से मुक्त नहीं हो जाता, तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उत्तर 24 परगना जिले के एम्स-कल्याणी में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कई नयी सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें एक हृदय प्रयोगशाला और एक जेनेरिक दवा केंद्र भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हृदय प्रयोगशाला हृदय के कक्षों, धमनियों और अन्य हिस्सों का जायजा दिलाने वाले 'इमेजिंग' उपकरण के साथ-साथ एक 'कार्डियोपल्मोनरी बाईपास' (सीपीबी) मशीन से लैस है, जो सर्जरी के दौरान हृदय और फेफड़ों में होने वाली क्रियाओं का संचालन करने में सक्षम है। मोदी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कल्याणी में जेनेरिक दवाओं की बिक्री को समर्पित 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र' का भी उद्घाटन किया।

**केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ तय किए हैं**

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने आगे कि जिस देश के नागरिक जितने स्वस्थ होंगे, उस देश के प्रगति की गति भी तेज होगी, इस सोच के साथ अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ तय किए हैं-

* प्रिवेंटिव हेल्थकेयर यानी बीमारी होने से पहले का बचाव
* समय पर बीमारी की जांच,
* मुफ्त और सस्ता इलाज, सस्ती दवाएं
* छोटे शहरों में अच्छा इलाज और डॉक्टरों की कमी दूर करना
* स्वास्थ्य सेवा में टेक्नॉलॉजी का विस्तार

## इस बार की दीपावली ऐतिहासिक होगी, अयोध्या राम मंदिर में हजारों दीप जलाये जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस साल की दीपावली ऐतिहासिक होगी क्योंकि 500 साल के इंतजार के बाद इस त्योहार पर अयोध्या में रामलला के जन्मस्थान पर बने मंदिर में हजारों दीप जलाये जाएंगे। मोदी ने कहा ये ऐसी दीपावली होगी जब भगवान राम एक बार फिर अपने घर आए हैं और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, बल्कि 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की करीब 12,850 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में की।

आवास योजना पर बोलीं मुख्यमंत्री ममता

## 'केन्द्र की शर्तों पर नहीं, मानविकता के आधार पर मिलेगा घर'

- चक्रवात-बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजे की घोषणा



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि आवास योजना के अंतर्गत राज्य सरकार मानविकता के आधार पर घर देगी, केन्द्र सरकार की शर्तों पर नहीं। इस दिन, नवान्न में उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने यह निर्देश देते हुए कहा कि बांग्ला आवास प्रकल्प में केन्द्र सरकार की शर्तों पर लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने पंचायत मंत्री प्रदीप मजुमदार एवं कृषि मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की। उल्लेखनीय है कि आवास योजना को लेकर केन्द्र के साथ राज्य का लंबे समय से विवाद है। इस योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए केन्द्र सरकार ने इससे संबंधित निधि आवंटन बंद कर दिया गया है। इससे लाखों लोगों के रुपये अटके होने का आरोप है। इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार केन्द्र सरकार से गुहार लगाई, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। अंततः राज्य सरकार ने अपनी तरफ से आवास का पैसा देने की घोषणा की थीं। वहीं, मुख्यमंत्री ने शस्य बीमा के मामले में भी मानविकता का दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने चक्रवात 'डाना' के कारण प्रभावित होने वाले किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को कितनी क्षति पहुंची है, इसका जायजा लेने के लिए राज्य के मंत्री जिलों का दौरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि चक्रवात 'डाना' एवं बाढ़ के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे बड़ी संख्या में किसान प्रभावित हुए हैं।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## सरकार का फार्मा कंपनियों को कैंसर के इलाज की तीन दवाओं के दाम घटाने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** सरकार ने दवा कंपनियों से कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन दवाओं की कीमतें कम करने को कहा है ताकि सीमा शुल्क छूट और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर संबंधित दवा निर्माताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं- ट्रैस्टुजुमैब, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह कदम जीवनरक्षक दवाओं की किफायती कीमतों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप उठाया है।

# जम्मू में मुठभेड़ में दो और आतंकवादी ढेर

सेना ने कहा- 'बड़ा हमला' करने का मंसूबा नाकाम किया गया

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव के पास वन क्षेत्र में छिपे दो आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह मार गिराया, जिससे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अभियान को को ''सफल'' बताते हुए 10 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल समीर श्रीवास्तव ने कहा कि आतंकवादी एक ''बड़े हमले'' के लिए आए थे। उन्होंने कहा, ''हम तैयार थे क्योंकि हमें लगातार सूचना मिल रही थी। वे एक इलाके में घिर गए थे और हमने निगरानी के लिए मानव रहित हवाई यान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित तकनीक का इस्तेमाल किया।'' मेजर जनरल श्रीवास्तव ने कहा कि आतंकवादी सुरक्षा बलों के किसी काफिले को निशाना बनाने के इरादे से अंदरूनी इलाकों से इस क्षेत्र में आए थे, लेकिन त्वरित कार्रवाई से उनकी साजिश विफल हो गई। सेना अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया, ''हमने अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया तथा उनके पास से एक एम-4 कार्बाइन और दो एके असॉल्ट राइफल सहित भारी मात्रा में सामग्री बरामद की। यह एक ऐसा अभियान था, जिसमें हमारी ओर कोई जनहानि नहीं हुई तथा चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के बावजूद इसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया।''

स्थापित : 1956
हरियाणा नागरिक संघ
119, कॉटन स्ट्रीट, प्रथम तल, कोलकाता-7
दूरभाष : 22187065
दीपावली प्रीति सम्मेलन एवं हरियाणा स्थापना दिवस
शुक्रवार, दिनांक 1 नवम्बर, 2024 ● सुबह 11 बजे से
स्थान : हरियाणा भवन, 40, विवेकानन्द रोड, गिरीश पार्क, कोलकाता-6
मेल मिलाप सभी सदस्यों को सादर आमंत्रण। स्वरूचि भोज
सुरेश गुप्ता, चैयरमेन, संरक्षक मंडल | बाबूलाल धनानिया, सभापति | गोरधन निगानियां, मानद मंत्री




## जम्मू मुठभेड़ में जवानों की रक्षा के दौरान 'फैंटम' श्वान की मौत


**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना के चार साल के खोजी कुत्ते 'फैंटम' की जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एक अभियान के दौरान मौत हो गई। उसने आतंकवादियों की गतिविधियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार को आतंकवादी हमले से जवानों की रक्षा करने की कोशिश में उसे गोली लगी थी। बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल के खोजी कुत्ते को अगस्त 2022 में इस क्षेत्र में तैनात किया गया था और यह कई अहम मिशन का अहम हिस्सा रहा। मई 2020 में जन्मे इस श्वान योद्धा को भारतीय सेना के 'रिमाउंट वेटरनरी कोर' (आरवीसी) केंद्र से भेजा गया था।

## अमित शाह ने जन्म, मृत्यु पंजीकरण के लिए मोबाइल ऐप जारी किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जन्म और मृत्यु के निर्बाध और परेशानी मुक्त पंजीकरण के लिए एक मोबाइल ऐप मंगलवार को पेश किया। भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) मोबाइल ऐप से जन्म और मृत्यु के पंजीकरण में लगने वाले समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'डिजिटल इंडिया विजन' के तहत प्रौद्योगिकी को शासन के साथ एकीकृत करने के लिए आज नागरिक पंजीकरण प्रणाली मोबाइल ऐप की शुरुआत की। यह ऐप नागरिकों को किसी भी समय, किसी भी स्थान से, और अपने राज्य की आधिकारिक भाषा में पंजीकरण करने की सुविधा देकर जन्म और मृत्यु के पंजीकरण को सहज और परेशानी मुक्त बनाएगा।

## भारत-चीन के बीच दो टकराव बिंदुओं से सैन्य वापसी अंतिम चरण में

**नयी दिल्ली :** भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग नामक दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी ''अंतिम चरण'' में है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सेना के सूत्रों ने 25 अक्टूबर को कहा था कि सैन्य वापसी की प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि समझौते की रूपरेखा पर पहले राजनयिक स्तर पर ''हस्ताक्षर'' किए गए और फिर सैन्य स्तर की बातचीत हुई। सेना के सूत्रों ने यह भी कहा था कि कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता में समझौते की बारीकियों पर काम किया गया, जिस पर पिछले सप्ताह हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौतों के अनुपालन में भारतीय सैनिकों ने इन क्षेत्रों में अपने उपकरणों को पीछे ले जाना शुरू कर दिया था। संबंधित प्रक्रिया के बारे में मंगलवार को एक अधिकारी ने कहा कि दोनों टकराव बिंदुओं से वापसी ''अंतिम चरण'' में है।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars

## सतर्कता बचाएगी डिजिटल गिरफ्तारी से

ऑनलाइन फरेब की दुनिया में हाल ही में नया शब्द जुड़ा है डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल करके डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया।

कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं,लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल,ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा कि जिस कथित काल्पनिक अपराध के लिये उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है क्या उससे वास्तव में उनका कोई लेना -देना है? यूं तो भय-आशंका का काल्पनिक चित्रण करके साइबर अपराधी लोगों की सोचने-समझने की क्षमता पर प्रहार करते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि कोई कोर्ट या सरकारी एजेंसी तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को उन तथ्यों से आम लोगों को जागरूक करना चाहिए, जिनके जरिये लोगों के खाते खाली किये जा रहे हैं। लोगों को बताये जा रहे विभागों से सीधे संपर्क करके वस्तुस्थिति का संज्ञान लेना चाहिए। यदि अपराधी भयाक्रांत करते हैं तो घबराना नहीं चाहिए। किसी अपराधी को पैसे ट्रांसफर करने से पहले, इस बारे में परिवार के लोगों, मित्रों व पुलिस को सूचित करना चाहिए। लोगों को अपराधियों के संदेश का स्क्रीन शॉट लेना चाहिए, फोन कॉल रिकॉर्ड आदि सबूत सुरक्षित रखने चाहिए। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करें व स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# समुद्र-मंथन से अवतरित लक्ष्मी के रूप में समाई प्रकृति



प्रमोद भार्गव

समुद्र-मंथन के दौरान जिस स्थल से कल्पवृक्ष और अप्सराएं मिलीं, उसी के निकट से महालक्ष्मी मिलीं। ये लक्ष्मी अनुपम सुंदरी थीं, इसलिए इन्हें भगवती लक्ष्मी कहा गया है। श्रीमद् भागवत में लिखा है कि 'अनिंद्य सुंदरी लक्ष्मी ने अपने सौंदर्य, औदार्य, यौवन, रंग, रूप और महिमा से सबका चित्त अपनी ओर खींच लिया।' देव-असुर सभी ने गुहार लगाई कि लक्ष्मी हमें मिलें। स्वयं इंद्र अपने हाथों पर उठाकर एक अद्भुत व अनूठा आसन लक्ष्मी को बैठने के लिए ले आए। उनकी कटि बहुत पतली थी। वक्षस्थल परस्पर सटे व उभरे हुए थे। उन पर चंदन और केसर का लेप लगा था। जब वे चलती थीं, तो उनकी पायजेब से मधुर ध्वनि प्रस्फुटित होती थी। ऐसे में ऐसा लगता था, मानो कोई सोने की लता इधर-उधर घूम रही है। इस लक्ष्मी को विष्णु ने अपने पास रख लिया।'

समुद्र-मंथन में लक्ष्मी मिलीं, इसे हम यूं भी ले सकते हैं कि लक्ष्मी के मायने धन-संपदा या सोने-चांदी की विपुलता से भी होता है। समुद्र-मंथन के क्रम में जब देव-दानव समुद्र पार कर गए तो सबसे पहले हिरण्यकशिपु दैत्य को सोने की खदान मिली थी। इसे हिरकेनिया स्वर्ण-खान आज भी कहा जाता है। इस खदान पर वर्चस्व के लिए भी देव और असुरों में विवाद व संग्राम छिड़ा था। अंततः हिरण्यकषिपु का इस पर अधिकार माना गया, क्योंकि इसे ही यह खान दिखाई दी थी। इसे यूं भी कह सकते हैं, कि इस सोने की खान को खोजने में हिरणयकषिपु की ही प्रमुख भूमिका रही थी।

दरअसल लक्ष्मी के विलक्षण रूप का वर्णन प्रकृति के रहस्यों से भी जुड़े हैं। वैसे तो देवी लक्ष्मी के अनेक रूप हैं, परंतु उनका सर्वाधिक प्रचलित रूप वह है, जिसमें देवी पूर्ण रूप से खिले हुए पद्म-प्रसून पर अविचल मुद्रा में बैठी हुई हैं। उनके दोनों हाथों में नालयुक्त कमल हैं। साथ ही उनके दोनों तरफ कमल-पुश्प पर ही दो हाथी अपनी ऊपर उठाई सूंडों में घड़े लिए हुए लक्ष्मी का जल से अभिशेक कर रहे हैं। लक्ष्मी के इस रूप और इससे भिन्न रूपों का कौतुक-वृत्तांत रामायण से लेकर अधिकांष पुराणों में अंकित है।

इन लक्ष्मी का जलाभिषेक करते गजों से घनिष्ठ संबंध है। जब देवों ने असुरों के साथ मिलकर सागर-मंथन किया तो उसमें से चौदह प्रकार के रत्नों की प्राप्ती हुई। इन्हीं रत्नों में ऐरावत नाम का हाथी और लक्ष्मी भी थीं। समुद्र-मंथन से उत्पन्न होने के कारण लक्ष्मी और गज का जन्मजात संबंध स्वाभाविक है। लक्ष्मी को पृथ्वी के प्रतीक के रूप में भी माना गया है। इस नाते उन्हें भूदेवी भी कहा जाता है। वैसे भी विष्णु की दो पत्नियां थीं। एक लक्ष्मी और दूसरी पत्नी श्रीदेवी हैं। यजुर्देव में कहा भी गया है,

'श्रीष्च ने लक्ष्मी श्रीश्च पतन्यो।'

भूदेवी होने के कारण लक्ष्मी पृथ्वी की प्रतीक हैं। इस नाते गज जलद अर्थात मेघों के प्रतीक हैं। इसीलिए वर्षा पूर्व बादलों के गरजने की क्रिया को मेघ-गर्जना कहा जाता है। जब तक धरती पर बादल बरसते नहीं हैं, तब तक फसलों के रूप में अन्न-धान्य पैदा नहीं होते हैं। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते गजों का प्रतीक भी यही है कि गज बरसकर पृथ्वी को अभिसिंचित कर रहे हैं, जिससे पृथ्वी से सृजन संभव हो सके। इस कारण लक्ष्मी को सृजन की देवी भी कहा जाता है।

सौभाग्य लक्ष्मी को उपनिषद में 'सकल भुवन माता' कहा गया है। सृजन अर्थात सृष्टि माता-पिता दोनों के संसर्ग से संभव है। अस्तु लक्ष्मी मातृशक्ति की और गज पितृषक्ति के प्रतीक हैं। गज को पुरुषार्थ का प्रतीक भी माना गया है। गोया, लक्ष्मी और गगन के समतुल्य गज संसार के माता-पिता माने जा सकते हैं। गज दिषाओं के प्रतीक भी हैं, इसलिए इन्हें दिग्गज भी कहा जाता है। इस कारण वे राज्य की चतुर्दिक सीमाओं के भी प्रतीक हैं। वैसे भी पुरातन काल में जो चतुरंगी सेनाएं हुआ करती थीं, उनमें गज-सेना भी होती थी, जो सीमांत प्रांतरों में चारों दिशाओं में तैनात रहती थी।

कमल पर आरूढ़ लक्ष्मी से कमल का गहरा व आत्मीय रिष्ता है। सृश्टि के कर्ता ब्रह्मा स्वयं कमलभव हैं, जो भगवान विश्णु की नाभि से प्रस्फुटित कमल पर ही विराजमान हैं। इसी कारण विश्णु को 'पद्मनाभ' और 'पद्माक्षी' कहा गया है। कमल पर बैठी होने के कारण लक्ष्मी को 'कमला' भी कहा जाता है। कमल की यह विषेशता है कि वह कीचड़ में पैदा होने के पष्चात भी स्वच्छ है, स्वछंद है एवं निर्मल है। जल में जीवन-यापन करते हुए भी वह निर्लिप्त है। अनेक पांखुरियों से युक्त व खिला होते हुए भी वह एकात्मता का द्योतक है। कमल की जड़, नाल, पंखुड़ियां व बीज सब मानव उपयोगी हैं, इसलिए कमल को समश्टिगत गुणों वाले पुश्पों में सर्वश्रेश्ठ माना जाता है। व्यश्टि में समश्टि का समन्वयात्मक संदेष देता हुआ कमल लोकमंगल का आवाहन कराता है, इसलिए ऋशि-मुनियों ने कमल को सांस्कृतिक प्रधानता व सर्वोच्चता की पहचान से निरुपित किया है।

लक्ष्मी का जल से अभिशेक करते हुए कलष, पूर्ण-कलष अर्थात लोक मंगलकारी कलषों के प्रतीक हैं। जल जीवन का आरंभिक उद्गम स्थल होने के साथ, जीवन का प्रमुख आधार भी है। जल से ही पद्म उत्पन्न हुआ है और पद्म से ब्रह्मा और ब्रह्मा से संपूर्ण सृश्टि। इसी कारण कलश को हिरण्यगर्भ की संज्ञा से विभूषित किया गया है। कलश के संदर्भ में सांस्कृतिक मान्यता है कि इसमें त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। कलश के मुख पर ब्रह्मा, ग्रीवा में शिव और मूल में विष्णु तथा मध्य में मातृगणों का निवास होता है। अर्थात ये सभी देव-गण कलष में प्रतिष्ठित होकर किसी मांगलिक कार्य को सकारात्मक गति देने का काम करते हैं। इस कारण कलष भी लक्ष्मी के समान ही सृष्टि और महाशक्ति का प्रतीक माना गया है।

मूर्ख और अशुभ का प्रतीक माने जाने के बावजूद उल्लू धन की देवी भगवती का वाहन है। हालांकि ऋग्वेद के श्री-सूक्त में वैभव की देवी लक्ष्मी की विस्तार से चर्चा है, लेकिन इस वृत्तांत में उल्लू को लक्ष्मी के वाहन के रूप में कहीं नहीं दर्शाया गया है। समुद्र-मंथन से लक्ष्मी तो प्रकट हुईं, लेकिन उल्लू के प्रकट होने का विवरण नहीं है। कहते हैं कि जब लक्ष्मी को धन की देवी के रूप में प्रतिष्ठा मिल गई, तो उनकी स्थान-स्थान पर पूजा होने लग गई। इस कारण उन्हें अलग वाहन की आवष्यकता अनुभव होने लगी। उन्हें भगवान विश्णु के व्यस्त रहने के कारण भी अपने उपासकों के पास जाने में विलंब होने लगा। ऐसे में लक्ष्मी के लिए ऐसे वाहन की खोज षुरू हुई, जो विश्णु के वाहन गरुड़ की तुलना में उड़ान भरने में दक्ष तो हो ही, रात में भी उड़ान भरने में समर्थ हो। क्योंकि लक्ष्मी के भक्त धन-वैभव की पूजा रात्रिकाल में ही दीपों की रोशनी में करते हैं। अब हम सब जानते ही हैं कि जीव-जगत के अधिकांश प्राणी रात में आहार-भक्षण के बाद निद्रा में लीन हो जाते हैं। केवल उल्लू ही रात में जागता है और आहार के लिए शिकार को भटकता है। गोया, निषाचर उल्लू रात में विचरण करने के कारण लक्ष्मी के वाहन के रूप में उपयुक्त ठहरा दिए गए और उल्लू लक्ष्मी के वाहन के रूप में उपयोग में आने लग गए। इन वृत्तांतों से भगवती लक्ष्मी के प्रकृति से जुड़े रूप का स्पश्ट आभास होता है।

-लेखक/पत्रकार

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व



योगेश कुमार गोयल

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरु हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।

यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

### नरक चतुर्दशी पर विशेष



यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

(लेखक 34 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# बम-पटाखों की मनी दिवाली



रामविलास जांगिड़

दिवाली का त्यौहार आया। चारों ओर रोशनी की जगमगाहट थी, रंगोली सजी थी और बम-पटाखों की आवाज़ें गूंज रही थीं। इस बार दीपावली के मौके पर रावण, दुर्योधन और कंस ने भी कुछ हटके करने का निश्चय किया। ये अपने-अपने युग के बड़े धुरंधर रहे हैं, मगर इतने सालों के इतिहास के बाद भी इन्हें दिवाली के पटाखों से कुछ खास लगाव हो गया था।

लंकापति रावण ने सोचा कि इस बार कुछ बड़ा धमाका होना चाहिए। वह चाहता था कि उसकी शान-ओ-शौकत के अनुसार दिवाली हो। उसके पास सोने की लंका थी, तो उसने सोने के पटाखे बनवाए। मगर इतने सालों के एकांतवास के बाद, उसे विस्फोटक तकनीक का पूरा ज्ञान नहीं था। इसलिए उसने अपने दस सिरों की मदद से अलग-अलग दस पटाखे एक साथ फोड़ने का निर्णय लिया। लेकिन हुआ क्या? दस पटाखों के विस्फोट से उसकी नाक, कान और मूंछें झुलस गईं। ऐसा मंजर था कि खुद रावण को अपने दसों सिर एक साथ संभालने मुश्किल हो गए। अस्पताल में बैठे हुए रावण के सिर बड़बड़ाने लगे, दीपावली के चक्कर में हमारा तो बुरा हाल हो गया। इससे तो अच्छा था कि हम राम से ही भिड़ते रहते। रावण के दसों नाकों में प्रदूषण से सांस लेने में बहुत कठिनाई हुई और उसे वेंटिलेटर पकड़ना पड़ा।

दुर्योधन का हाल भी कुछ ऐसा ही हुआ। उसने सोचा कि इस बार की दिवाली में वह भी किसी से कम नहीं रहेगा। दुर्योधन ने बड़ी मेहनत से गोला-बारूद का बंदोबस्त किया और सोचा कि इस बार अपने पांडव भाईयों के घर के पास ही धमाके करेंगे, ताकि उनका मनोबल तोड़ा जा सके। उसने गदा लेकर बमों पर प्रहार किया और सोचा कि इससे सभी लोग दहशत में आ जाएंगे। लेकिन उसकी गदा का प्रहार जैसे ही बमों पर पड़ा, एक ऐसा धमाका हुआ कि खुद दुर्योधन दस फीट हवा में उड़ गया। उसके शरीर पर जले हुए कपड़े और बमों की धमक का दर्द था। अस्पताल में लेटे हुए दुर्योधन कराहते हुए कहता है, अरे कृष्ण ने भी ऐसी छल-कपट न दिखाई थी, जैसी इन बमों ने मेरे साथ कर दी।

अब बारी है कंस की। यह दुष्ट राजा भी पीछे रहने वालों में से नहीं था। उसने ठान लिया था कि अपने भांजे कृष्ण से बदला लेने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। उसने सोचा कि एक बड़ा सा बम बना दिया जाए और उसे कृष्ण के गोपालों के पास फोड़ दिया जाए। लेकिन समस्या ये हुई कि कंस को बम बनाने का तरीका नहीं आता था। उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर बम बनाने की कोशिश की। जैसे ही उसने उस बम को जलाया, धमाका इतनी जोर से हुआ कि कंस खुद गिर पड़ा। चेहरा काला हो गया, बाल झुलस गए, और कपड़े तो धुएं में गुम ही हो गए। अस्पताल में आते ही कंस ने कहा, मैंने तो सोचा था कि मैं दिवाली पर अपने दुश्मनों को परास्त करूंगा, लेकिन यहां तो मैं खुद ही अस्पताल में पहुंच गया!

तीनों अस्पताल में लेटे हुए एक-दूसरे को देख कर अपनी किस्मत को कोस रहे थे। तभी डॉक्टर ने आकर कहा, अरे भई, आप लोग कौन से ज़माने से आए हो? आजकल लोग डिजिटल दिवाली मना रहे हैं। बम-पटाखों से पर्यावरण को कितना नुकसान होता है, ये किसी को पता है? यह सुनकर रावण ने अट्टहास किया, दुर्योधन ने अस्पताल की दीवार पर लात मारी और कंस ने दहाड़ कर कहा- मैं आने वाले वर्षों में फिर से बम-पटाखे ही फोड़ने का कार्यक्रम करूंगा ताकि पर्यावरण का पूरा कबाड़ा हो जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 अक्टूबर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 13:15 तक, नक्षत्र : हस्त, 21:37 तक, योग : वैधृति, 08:40 तक, सूर्योदय: 5:40, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 03:39, चन्द्रास्त: 15:41, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 11:20 से 12:44

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए दिन लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी और दिन लाभ से भरा होगा। कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपने पहले से जो उम्मीदें संजो रखी हैं वे पूरी होंगी। आप किसी कारण से हताश हो सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन काफी ऊर्जावान रहेगा। परिवार के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को लाभ होगा। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। विचारों को खुलकर अभिव्यक्त करने का वक्त आ गया है

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा और करियर में सफलता प्राप्त होगी। अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर मामले में लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को लाभ और सफलता प्राप्त होगी। आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अत्यधिक भावुकता से बचें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें।

## वर्ग पहेली नं. 2902

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | 8 | 9 | | ■ | 10 | |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 |
| 27 | | ■ | 28 | 29 | | | ■ | 30 | |
| | ■ | 31 | | | ■ | 32 | | | ■ |
| 33 | | | ■ | 34 | | | ■ | 35 | |

बायें से दायें :- 1) भावुकता; सौम्यता; मृदुता, 4) गृहस्थी; कुटुंब, 7) दुर्गुण; दुर्बलता, 10) नौकर; बंदा, 11) बालबच्चे; संतान, 13) गीला, 15) कठोर *(व्यवहारी)*; क्रोधी, 16) मजबूत; उत्साही, 18) छोला, 19) केवल; सार्वजनिक यान; सत्ताक्षेत्र, 21) वचन, 22) अगवाड़ा; मुँह, 24) निरर्थक; बेरोज़गार, 27) वक्ष; छाती, 28) नमस्कार, 30) पढ़ाई-लिखाई, 31) भाँति, 32) मज़हबी, 33) उत्साह, 34) कीचड़, 35) अस्वीकृति.

ऊपर से नीचे :- 2) मठाधीश; साधु, 3) टकटकी, 4) हूर; अप्सरा, 5) शपथ; अनुबंध, 6) रसीला, 8) अर्थ; स्वार्थ, 9) ऊर्जा; आग्रह, 11) दोस्त, 12) जितना हो उससे दो बार और अधिक, 14) एक दिन, 17) दादू, 18) ज़ायका लेना, 20) प्रातःकाल, 22) संकट; समस्या, 23) भगोड़ा, 25) आजीविका, 26) धर्मग्रहण, 29) सुगंध, 30) चुन्नट; सलवट; झुर्री, 31) बस; इस के आगे नहीं.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | त्या | चा | र | ■ | अ | ग्र | ज | ■ | बा |
| न | ■ | ■ | वा | प | स | ■ | रा | हु | ल |
| व | र्ण | न | ■ | द | म | न | ■ | ■ | बा |
| धा | ■ | ह | ल | क | ■ | क | ल | क | ल |
| न | ज | र | ■ | ■ | का | ली | ■ | री | ■ |
| ■ | धा | ■ | उ | पा | य | ■ | अं | ब | र |
| मा | न्य | व | र | ■ | र | सी | द | ■ | म |
| त | ■ | सु | ग | म | ■ | ख | र | बू | ज़ा |
| म | ■ | धा | ■ | ना | च | ना | ■ | आ | न |

## सुडोकू-पहेली-2862

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 1 | | | 6 | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 2 | | 5 | 1 | | | | | |
| | | | 4 | | | 6 | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | 8 | | | 9 | 3 | | | |
| | | | | | | | 1 | |
| | 7 | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 2861 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 3 |

समाज्ञा



# शुभेंदु अधिकारी ने सनातनियों को ठेस पहुंचाने वालों को दी चेतावनी

❑ **भाजपा नेता ने आसनसोल में काली पूजा पंडालों का किया उद्घाटन**

**आसनसोल :** आसनसोल नगर निगम के वार्ड 57 के बड़तोड़िया और बाराबंकी के नूनी मोड़ इलाके मे आयोजित काली पूजा पंडाल का मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने उद्घाटन किया। इसके बाद, उन्होने मंच से तमाम हिंदू धर्म के लोगों को एकजुट होकर सनातन धर्म को बचाने व उसे विश्व स्तर पर आगे बढ़ाने की आह्वान किया। उन्होंने हिन्दुओं को सनातनी परंपरा एक बार फिर लागू करने की बात कहते हुए कहा कि



वह गीता, पुराण, रामायण, महाभारत, रामचरित्र मानस, हनुमान चालीसा जैसी अन्य धार्मिक किताबों का अध्ययन व पाठ करें, संध्या दीप जलाएं, तुलसी पूजन उल्लू व शंख ध्वनि बजाएं, हिंदू सनातन धर्म को बचाएं, क्योंकि बांग्लादेश मे करीब 596 हिन्दुओं के मंदिरों को तोड़ दिया गया, क्योंकि वहां 17 करोड़ आबादी मे महज दो करोड़ हिन्दुओं की संख्या है। उन्होने कहा कि बांग्लादेश के इस पार रहने वाले लोग राजनीती बाद मे करें, भत्ता पाने का काम बाद मे करें, पहले वह अपने माथे का टिका, गले का कंठीमाला, महिलाओं के माथे का सिंदूर, उनके हांथो का सांखा पोला पहले बचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद हिंदू सनातनियों का सपना सच हुआ है। अयोध्या मे राम मंदिर बना है, जिसके लिये हमारे कई सनातनियों ने अपनी बलिदान दी है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माण्ड की जब रचना हुई तब से सनातन धर्म है। इस दौरान, उन्होने ममता सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने बंगाल में आयुष्मान भारत कार्ड नही लागू करने देने की बात कही। उन्होने कहा कि पूरे देश मे आयुष्मान भारत लागु है और लोग उस कार्ड से स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं। लेकिन, यहां स्वास्थ्य साथी कार्ड से किसी भी नर्सिंग होम मे मरीजों का इलाज नही हो रहा। मरीजों को बोला जा रहा है की बेड खाली नही है, वहीं जो मरीज कैस पैसे दे रहे हैं उनको सभी तरह का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। यहीं नही, उन्होंने बंगाल मे चल रहे आवास योजना को लेकर कहा कि आवास योजना को लेकर राज्य मे राजनीति की जा रही है।

# पटाशपुर मामले में दूसरी बार होगा पोस्टमार्टम, हाईकोर्ट का आदेश

### २८ नवंबर तक रिपोर्ट सौंपने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पटाशपुर में एक गृहिणी के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दोबारा पोस्टमार्टम का आदेश दिया है। हाईकोर्ट की जस्टिस शंपा दत्ता पाल ने मंगलवार को यह आदेश दिया। संरक्षित शव का दूसरा पोस्टमार्टम दो नवंबर तक हो जाना चाहिए। शव की वीडियोग्राफी कराई जाए। जज ने 28 नवंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मेदिनीपुर के पटाशपुर में पड़ोसी पर गृहिणी से दुष्कर्म करने और कीटनाशक खिलाकर हत्या करने का आरोप लगा है। 6 अक्टूबर को हुई इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों



ने आरोपी की पिटाई कर दी। आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मृत गृहिणी का पति व्यवसाय के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। पड़ोसी काफी समय से गृहिणी पर नजर रखता था। आरोप यह भी है कि उन्हें पहले भी कई बार गलत प्रस्ताव दिए गए थे। गृहिणी ने उसे चेतावनी दी। आरोप है कि उस दिन घर में घुसकर आरोपी व्यक्ति ने गृहिणी को कीटनाशक दवा खिला दी। मृत गृहिणी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से परिजन संतुष्ट नहीं हैं। उनके मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कीटनाशक खाकर हत्या का जिक्र है। लेकिन रेप का कोई जिक्र नहीं है। उसके बाद, परिवार ने दोबारा शव परीक्षण के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस दिन, जस्टिस शंपा दत्ता पाल ने दोबारा शव परीक्षण का आदेश दिया। दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट 28 नवंबर तक हाईकोर्ट को सौंपनी है। दिसंबर में मामले की दोबारा सुनवाई होगी।

### काली पूजा की रात डकैती की योजना का पर्दाफ़ाश, दस गिरफ़्तार

**दुर्गापुर :** काली पूजा पर डकैती की योजना बनाई जा रही थी। गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद दुर्गापुर पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने खाली घरों का फायदा उठाकर कालीपूजा की रात विभिन्न ऊंची इमारतों, आवासों और घरों को लूटने की योजना बनाई थी। रविवार की रात दुर्गापुर थाने की पुलिस ने सबुजनगर के पास जंगल में छापेमारी की। वहां उन्होंने उन 10 लोगों को पकड़ लिया। उस समय, गिरफ्तार लोगों के पास डकैती के विभिन्न उपकरण थे। मंगलवार को 10 लोगों को दुर्गापुर सब-डिविजनल कोर्ट ले जाया गया। गिरफ्तार सभी लोग अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस ने लोहे की रॉड, रस्सी, चेन, दरवाजा तोड़ने वाली मशीन, भोजली, लॉक कटर सहित तीन मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं।

# भाटपाड़ा में भाजपा नेता के घर के पास मिला बम, पहुंचा बम स्क्वॉड

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में भाजपा नेता प्रियांगु पांडेय के घर के पास बम मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को भाटपाड़ा के छह नंबर गली में स्थानीय निवासियों ने सड़क पर ताजा बम देखे। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद बम स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर इलाके को घेर लिया और बमों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। प्रियांगु पांडेय ने आरोप लगाया है कि उन्हें मारने के इरादे से तृणमूल कांग्रेस द्वारा उनके घर के पास बम रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को भाजपा द्वारा आहूत बंगाल बंद के दौरान भी प्रियांकगु पांडेय की गाड़ी पर गोलियां और बम चलाए गए थे। इस हमले के संदर्भ में सोमवार को एनआईए की टीम ने भाटपाड़ा का दौरा किया था, लेकिन एनआईए की जांच के ठीक एक दिन बाद ही प्रियांगु के घर के पास बम मिलने की घटना ने फिर से तनाव बढ़ा दिया है। इस मामले को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। प्रियांगु का कहना है कि पुलिस ने मामले की ठीक से जांच नहीं की है, जिससे उनके ऊपर हमले का खतरा बरकरार है। उन्होंने एनआईए से इस मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के भाटपाड़ा युवा अध्यक्ष अमित साव ने इन आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा पर खुद बम रखकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का आरोप लगा रही है।

# सरकारी डॉक्टरों को निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य साथी के मरीज के इलाज के लिए लेनी होगी अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी अस्पताल के डॉक्टर निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस कर सकते हैं लेकिन संबंधित डॉक्टर को सरकारी नियमों के मुताबिक 'नॉन-मेडिकल अलाउंस' (भत्ता) लेना होगा। स्वास्थ्य विभाग ने उस नियम को और कठिन बना दिया है। अब, यदि संबंधित डॉक्टर



किसी निजी अस्पताल में स्वास्थ्य साथी के मरीज का इलाज करता है या सर्जरी करता है, तो स्वास्थ्य सुविधा की पूर्व मंजूरी लेनी होगी। स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी के अनुसार कौन से निजी अस्पताल स्वास्थ्य कार्ड पर सेवाएं देते हैं, यह सूची स्वास्थ्य केंद्र के कंप्यूटर में दर्ज होती है, साथ ही किस सरकारी मेडिकल कॉलेज या अस्पताल के डॉक्टर स्वास्थ्य कार्ड पर इलाज करते हैं, इसकी सूची भी स्वास्थ्य केंद्र के कंप्यूटर में दर्ज होती है। यह स्वास्थ्य केंद्र के अंतिम छोर पर भी है। लेकिन सभी सरकारी डॉक्टर स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों का इलाज नहीं कर सकते। लेकिन स्वास्थ्यसाथी के आंतरिक राजस्व-व्यय ऑडिट में कहा गया है कि कुछ डॉक्टर स्वास्थ्यसाथी कार्ड का उपयोग कर रहे हैं, जिसके कारण स्वास्थ्यभवन इलाज के लिए भुगतान करने में असमर्थ है। स्वास्थ्यसाथी योजना की शुरुआत के समय ही निजी अस्पतालों को यह बात बता दी गई थी। लेकिन नियमों के बावजूद कई मामलों में मुट्ठी भर निजी अस्पताल और बड़ी संख्या में नर्सिंग होम नियमों की परवाह किए बगैर स्वास्थ्य साथी योजना का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक स्वास्थ्य प्राधिकारी के शब्दों में, नियम बहुत पहले से मौजूद थे। लेकिन कुछ मामलों में उस नियम का पालन नहीं किया जाता है। इसलिए कुछ दिन पहले निजी और सरकारी अस्पतालों को इस बारे में याद दिलाया गया है।

# अलीपुर चिड़ियाघर को मिला विरासत का दर्जा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर को विरासत का दर्जा देते हुए एक नीला फलक लगाया गया है। बता दें कि पिछले महीने ही इस चिड़ियाघर ने 150 साल पूरे किये हैं। चिड़ियाघर के निदेशक शुभंकर



सेनगुप्ता ने मंगलवार को बताया कि यह फलक कोलकाता नगर निगम (केएमसी) द्वारा लगाया गया है। करीब 19 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस चिड़ियाघर का उद्घाटन 24 सितंबर, 1875 को किया गया था। इसमें करीब 1,265 जानवर हैं। सेनगुप्ता ने बताया कि देश के सबसे पुराने चिड़ियाघर को सोमवार को यह बैज प्राप्त हुआ। नीले फलक से लोग किसी इमारत की विरासत के दर्जे के बारे में जान पाते हैं। केएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय ने शहर में 350 से अधिक विरासत भवनों पर नीले फलक लगाये हैं। किसी स्थान के वास्तुशिल्प मूल्य, राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व को उसकी श्रेणीबद्ध विरासत स्थिति के लिए मापदंड माना जाता है।

## आज माकपा की बैठक, निलंबित नेता तन्मय भट्टाचार्य का होगा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा राज्य कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को आयोजित होगी। इसमें पार्टी के निलंबित नेता तन्मय भट्टाचार्य के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि एक महिला यूट्यूबर ने तन्मय भट्टाचार्य पर ये गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद उन्हें रविवार की शाम पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। उसी दिन, तन्मय भट्टाचार्य को पूछताछ के लिए दूसरी बार बारानगर पुलिस थाने बुलाया गया, जहां उनका निवास स्थित है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि आज की बैठक में इस पर भी विचार हो सकता है कि आंतरिक शिकायत समिति में पार्टी से बाहर के किसी व्यक्ति को शामिल किया जाए या नहीं, जो तन्मय भट्टाचार्य के खिलाफ जांच करेगी। यह निर्णय लिया गया है कि जब तक आंतरिक शिकायत समिति की अंतिम रिपोर्ट नहीं आती, तब तक तन्मय भट्टाचार्य निलंबित रहेंगे। यह भी संभव है कि आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य अन्य महिला पत्रकारों से भी बातचीत कर सकते हैं ताकि तन्मय भट्टाचार्य के साथ उनके अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके।

## शालतोड़ा में बाइक ब्लास्ट की घटना की जांच एनआईए ने संभाली

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा के शालतोड़ा में बाइक ब्लास्ट की घटना की जांच एनआईए कर रही है। 30 अगस्त की रात बांकुड़ा के शालतोड़ा थाना क्षेत्र का लापहाड़ी इलाका जोरदार विस्फोट से दहल गया था। घटना में जयदेव मंडल नामक बाइक सवार की मौत हो गई। इस घटना से इलाके में व्यापक दहशत फैल गई। प्रशासनिक हलकों में शोर मच गया। पता चला कि बाइक सवार का घर शालतोड़ा थाने के झानका इलाके में है। विस्फोट उनकी बाइक पर तब हुआ जब वह शालतोड़ा पुलिस स्टेशन के लापहाड़ी इलाके से गुजर रहे थे। स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर रूप से घायल होने से बचाया और शालतोड़ा ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। बाद में, जब उनकी हालत बिगड़ गई तो उन्हें बांकुड़ा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन अंत बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि विस्फोट कैसे हुआ, क्या वह शख्स बाइक पर विस्फोटक लेकर जा रहा था। अब एनआईए ने जांच अपने हाथ में ले ली है।

# चिरेका में 'रन फॉर यूनिटी-2024' का पालन



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में चिरेका खेलकूद संगठन द्वारा मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी-2024' हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक तथा संरक्षक चिरेका खेलकूद संगठन के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह बी.आर.अम्बेडकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस 'रन फॉर यूनिटी' में महाप्रबंधक सहित विभाग के प्रधान अध्यक्ष, वरीय अधिकारी, खिलाड़ियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कालीपूजा पर मेट्रो विशेष सेवाएं

**कोलकाता :** कालीपूजा की रात गुरुवार भक्तों को दक्षिणेश्वर और कालीघाट मंदिरों के दर्शन की सुविधा प्रदान करने के लिए 21:40 बजे के बाद 20 मिनट के अंतराल पर ब्लू लाइन पर अप और डाउन दिशाओं में आठ विशेष सेवाएं चलाई जाएंगी। यह सेवा रात 23:00 बजे तक चलेगी। हालांकि मेट्रो अन्य दिनों की तुलना में गुरुवार को 292 सेवाओं के बजाय 198 सेवाएं (99 अप और 99 डाउन) चलाएगी।

पहली सेवाएं सामान्य स्टेशनों से सामान्य रूप से शुरू होंगी। विशेष अंतिम सेवाएं रात 22:00 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक और 22:20 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक चलेगी। 22:40 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर और 23:00 बजे कवि



सुभाष से दक्षिणेश्वर तक चलेगी। वहीं 21:48 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष और 22:08 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष, 22:28 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष, 22:48 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक चलेगी।

वहीं ग्रीन लाइन-एक पर मेट्रो काली पूजा के दिन 106 दैनिक सेवाओं के बजाय 31.10.2024 (गुरुवार) को ग्रीन लाइन -एक पर 90 (45 पूर्व की ओर + 45 पश्चिम की ओर) सेवाएं चलाएगी। इस दिन पहली सेवा 06.55 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर फाइव तक (कोई बदलाव नहीं) , 07.05 बजे साल्ट लेक सेक्टर फाइव से सियालदह तक (कोई परिवर्तन नहीं होता है) चलेगी।

अंतिम सेवा 21.35 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर फाइव तक (कोई बदलाव नहीं) 21.40 बजे साल्ट लेक सेक्टर फाइव से सियालदह तक (कोई परिवर्तन नहीं होता है) चलेगी। ग्रीन लाइन-दो, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सेवाएं अपरिवर्तित रहेंगी।

### कोलकाता पुलिस ने हाईकोर्ट की सुनवाई की 'लाइव स्ट्रीमिंग' हैक होने के मामले की जांच शुरू की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की अवकाश पीठ के एक अदालत कक्ष की यूट्यूब पर 'लाइव स्ट्रीमिंग' (सीधा प्रसारण) को कथित रूप से हैक किए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आईटी विभाग द्वारा सोमवार की देर शाम इस संबंध में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध अनुभाग ने जांच शुरू की। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच जारी है। हम जांच करेंगे कि क्या हुआ और इसमें शामिल बदमाशों का पता लगाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को अदालत कक्ष संख्या-सात में न्यायमूर्ति सुभाशीष सामंत जब किसी मामले की सुनवाई कर रहे थे, उस समय एक अश्लील वीडियो को कथित तौर पर 'लाइव स्ट्रीम' किया गया और करीब एक मिनट बाद ही इसे बंद किया जा सका।

# मेट्रो रेलवे में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



❑ **सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत**

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता शासन और सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में कर्मचारियों के बीच जागरूकता के लिए मंगलवार को प्रश्नोत्तरी, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेट्रो रेलवे के सतर्कता विभाग ने इन प्रतियोगिताओं का आयोजन डिप्टी मुख्य सतर्कता अधिकारी बी. बंद्योपाध्याय के मार्गदर्शन में किया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में स्टाफ ने भाग लिया और कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। प्रतिभागियों में भारी उत्साह एवं जोश पाया गया।

# पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा बुलेटिन किया जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय में मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की गई। इस दौरान महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने सुरक्षा बुलेटिन संरक्षा पुनर्श्वासन जुलाई-सितंबर 2024 संस्करण जारी किया। पूर्व रेलवे सुरक्षा बुलेटिन के इस संस्करण में सुरक्षा सावधानियों और नवाचारों से अमूल्य सीख के साथ तकनीकी लेखों सहित पूर्व रेलवे सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। महाप्रबंधक ने अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पूर्व रेलवे के कर्मचारियों के चयनित बैंड को भी सम्मानित किया। इन सम्मानित कर्मचारियों में अभिषेक दत्ता/लोको पायलट/सियालदह, शानू धारा, तकनीशियन-द्वितीय, मैकेनिकल (सी एंड डब्ल्यू), कृष्णेंदु चट्टोपाध्याय, लोको पायलट/द्वितीय/सियालदह, छोटू कुमार, लोको पायलट/सियालदह,



राजीब साहू, लोको पायलट/सियालदह, तपन रॉय, एसपीटीएम/सियालदह, दुर्गा टुडू, लोको पायलट/सियालदह, धीमान चंद्रा, लोको पायलट/सियालदह, चंचल मुखर्जी, तकनीशियन-ख, बिमल सेट, तकनीशियन-द्वितीय/सियालदह, सोनोत मुर्मू, वरिष्ठ तकनीशियन/सियालदह डिवीजन, अजय महंता, लोको पायलट/हावड़ा, मोहम्मद मतिउर रहमान, सुरक्षा परामर्शदाता, परमानेंट वे/मालदह शामिल है।

महाप्रबंधक ने अभिषेक दत्ता, लोको पायलट/सियालदह को 5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और अन्य प्रत्येक प्राप्तकर्ता को 2 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और दुर्घटना की रोकथाम में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए योग्यता प्रमाण पत्र देने की भी घोषणा की। महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व रेलवे के कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पहले सुरक्षा के सिद्धांत को अपनाना चाहिए।



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन एवं अभिनेत्री विद्या बालन अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भूलैया 3 के प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे



कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने शहीद मीनार में लगे पटाखा बाजार का दौरा किया। वहां उन्होंने दुकानों में घुसकर पटाखों की जांच की।

## हमारे बच्चों की सुरक्षा: विश्व पोलियो दिवस पर पोलियो के खिलाफ चल रही लड़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक है, विशेष रूप से भारत के मेघालय में हाल ही में देखी गई पोलियो घटना के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे अपरिवर्तनीय पक्षाघात होता है और कुछ मामलों में मृत्यु हो जाती है। डॉ. शुभाशीष रॉय, मणिपाल अस्प-ताल, बाल विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ, कोलकाता के अनुसार, जब तक पोलियो कहीं भी रहता है, तब तक यह सभी को खतरे में डालता है। टीकाकरण से वंचित



बच्चा एक कमजोर कड़ी है, जो न केवल अपने स्वास्थ्य को बल्कि अपने पूरे समुदाय के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है। 6 सप्ताह के बाद से नियमित टीकाकरण के हिस्से के रूप में निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) का प्रशासन यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि बच्चों में पोलियो के विनाशकारी प्रभाव से बचाव के लिए आवश्यक एंटीबॉडी विकसित हों।

# ताराचंद दत्ता स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के काली पूजा का उद्घाटन संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** ताराचंद दत्ता स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के 55वें वर्ष के काली पूजा का उद्घाटन त्रिभुवन पुरी महाराज एवं चेयरमैन दिनेश बजाज (पूर्व विधायक) के द्वारा संपन्न हुआ। विधायक विवेक गुप्त ने दीप प्रज्वलित कर पूजा का आरम्भ किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कमल लाखोटिया, मुख्य संरक्षक रामचंद्र बडोपलिया, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा (गुड्डू), प्रधान सचिव सुरेश लाखोटिया, वाईस चेयरमैन राजकुमार शर्मा, सुधीर पाण्डेय, उपाध्यक्ष विशाल खन्ना, रमेश लाखोटिया समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे। संस्था के कोषाध्यक्ष शम्भूनाथ मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर मेहमान के रूप में मालदीव के कौंसिल रामकृष्ण जयसवाल, पार्षद रेहाना खातून, पार्षद रीता चौधरी, पार्षद मीना देवी पुरोहित, पूर्व विधायक तापस राय, पार्षद संतोष पाठक, पार्षद महेश शर्मा, पियाल चौधरी, राकेश सिंह, विक्रांत सिंह, रिंकू पिलानीवाला, राजगिरी सिंह, पूर्व विधायक संजय बक्सी, प्रदीप मजूमदार, अरुण सेठ, सुरेंदर शर्मा, प्रमोद चांडक, साहिद भाई, बिमल झुनझुनवाला, दुलाल मोइत्रा, डॉ.ए के सिंह, पवन बंसल, गणेश शर्मा, गिरधारी चंद साव,



प्रेम अग्रवाल, अशोक झा, जय गोबिंद इंदौरिया, अयूब सिद्दिकी, राजकुमार गुप्ता, विजय सिंह, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव शर्मा, पप्पू समशी एवं पवन शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश जैन, सज्जन शर्मा, काशीनाथ मिश्रा, अनिल शर्मा (बबलू), रोहित लाखोटिया, प्रभात तिवारी, जगत शेखानी, संदीप सोमानी, संजीव राठी, गौतम सरकार, उमेश सिंह, सचिन शर्मा, विकाश मिश्रा, गौरव शर्मा, आकाश मिश्रा, विजय कुमार अग्रवाल, रामेश्वर सिंह, सोनू शर्मा, ललित अग्रवाल, कमल किशोर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# हावड़ा में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के मामले में छह गिरफ्तार

## पुलिस कमिश्नर का दावा, यह हत्या दो गैंगों के बीच दुश्मनी के कारण हुई



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस ने शिवपुर में एक तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या का मामला सुलझा लिया है। इस घटना में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई हथियार, एक स्कूटर और एक बाइक बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, आपसी दुश्मनी के चलते उन्होंने यह हत्या की है। दरअसल, हाल ही में, अब्दुल कादिर नाम का एक युवक अपने घर के सामने चाय की दुकान पर बैठा था। उसी समय कुछ बदमाश आये और फायरिंग कर दी। बाद में, उसे बचाकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कादिर इलाके के तृणमूल कार्यकर्ता के तौर पर जाना जाता था। पुलिस ने कहा कि कादिर के खिलाफ हत्या, डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कम से कम 10 मामले थे। मंगलवार को हावड़ा सिटी पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस घटना के बाद कोलकाता पुलिस को तुरंत अलर्ट कर दिया गया। उस रात कोलकाता पुलिस की एक टीम ने घटकपुर में बदमाशों की एक स्कूटी का पीछा किया, तो वे स्कूटी छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्कूटर और पांच हथियार बरामद कर लिए। इसके बाद, इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने मोहम्मद दानिश और मोहम्मद फैयाज नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। फिलहाल, दोनों पुलिस हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ और स्थानीय सूत्रों के जरिए सूचना मिली कि शूटर आफताब घटना के बाद उत्तर प्रदेश भाग गया। इसके बाद, हावड़ा सिटी पुलिस की एक जांच टीम वहां भेजी गयी। उन्होंने ग़ाज़ीपुर, अजीमगढ़ और बाराबंकी में विभिन्न डेरों पर छापा मारा और आफताब नाम के शूटर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार शूटर को ट्रांजिट रिमांड पर मंगलवार को हावड़ा लाया जा रहा है। वहीं, गत सोमवार को पुलिस सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के निमता थाना क्षेत्र से विक्की और तौफीक हुसैन उर्फ गेरा नाम के दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो 7 एमएम पिस्तौल, एक बाइक और 53 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है कि हत्या के दौरान बाइक का इस्तेमाल किया गया था या नहीं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यह हत्या दो गैंगों के बीच दुश्मनी के कारण हुई है। 2014 से उनमें दुश्मनी चल रही थी।

# तृणमूल कांग्रेस ने गृह मंत्री शाह पर लगाया आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

❑ **चुनाव आयोग से नोटिस जारी करने की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पश्चिम बंगाल की अपनी हालिया यात्रा के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले राज्य में आधिकारिक समारोह में राजनीतिक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने चुनाव आयोग से भाजपा नेता को कारण बताओ नोटिस जारी करने की भी अपील की और चुनाव आयोग से उपचुनाव वाले जिलों में आधिकारिक समारोहों में उन्हें जनीतिक टिप्पणी करने से रोकने का निर्देश मांगा है। मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से आदर्श आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन के बारे में आपका तत्काल ध्यान चाहते हैं, जो उत्तर 24 परगना के पेट्रापोल में एकीकृत चेक पोस्ट, यात्री टर्मिनल और मैत्री द्वार के उद्घाटन समारोह के दौरान हुआ। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए अमित शाह को 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने की मांग की है। टीएमसी ने उपचुनावों से पहले अमित शाह और भाजपा नेताओं को एमसीसी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने से रोकने के लिए संबंधित हितधारकों को उचित निर्देश/आदेश देने की मांग की। निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संदर्भ का दायरा उत्तर 24 परगना के अंतर्गत आने वाले हरोआ और नैहाटी के चुनावी निर्वाचन क्षेत्रों के प्रशासनिक जिलों को कवर करता है, इसके बावजूद अमित शाह ने 27 अक्टूबर को उत्तर 24 परगना के पेट्रापोल में आधिकारिक कार्यक्रम में राजनीतिक रूप से टिप्पणी करना चुना।

### पोलियो जागरूकता : टीकाकरण के माध्यम से रोकथाम योग्य बीमारी के खिलाफ एकजुट



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेघालय में हाल ही में पाया गया पोलियो का मामला पोलियोमाइलाइटिस के खिलाफ लड़ाई में सतर्क रहने की चल रही आवश्यकता की याद दिलाता है। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से मल-मुंह मार्ग से फैलता है, अक्सर पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है, जिससे पक्षाघात होता है और गंभीर मामलों में मृत्यु हो जाती है। नारायण मेमोरियल हॉस्पिटल और साउथ सबअर्बन क्लिनिक, कोलकाता के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. देब कुमार मुखोपाध्याय बताते हैं, पोलियो के खिलाफ टीकाकरण हमारा प्राथमिक बचाव है। निर्धारित अंतराल पर इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) देने से महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा का निर्माण होता है, जो बच्चों को इस संभावित दुर्बल करने वाली बीमारी से बचाता है। डॉ. मुखोपाध्याय जोर देकर कहते हैं, भारत की पोलियो-मुक्त स्थिति उल्लेखनीय है, लेकिन वायरस अभी भी विश्व स्तर पर मौजूद है, जिससे दोबारा प्रवेश का खतरा पैदा हो गया है। उच्च टीकाकरण कवरेज बनाए रखना ही पुनरुत्थान को रोकने का एकमात्र तरीका है। डॉ मुखोपाध्याय कहते हैं, पोलियो टीकाकरण अगली पीढ़ी के लिए एक वादे का प्रतिनिधित्व करता है-रोकथाम योग्य बीमारी से सुरक्षा। यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चे का टीकाकरण किया जाए ताकि भारत आने वाले दशकों तक पोलियो मुक्त रह सके।

# पश्चिम बंगाल यूनानी स्टेट काउंसिल का रजिस्ट्रार इम्तियाज हुसैन गिरफ्तार

## पैसे लेकर जाली सर्टिफिकेट बनाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल यूनानी स्टेट काउंसिल के रजिस्ट्रार इम्तियाज हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ में पता चला है कि वह पैसे लेकर जाली बीयूएमएस प्रमाणपत्र बेचा करता था। आश्चर्यजनक है कि पहले भी उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन पुलिस हर बार उन्हें छोड़ देती है। यहां तक कि उसकी गिरफ्तारी के लिए हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इंटाली थाने की पुलिस ने इस कथित घोटाले का पर्दाफाश करते हुए इम्तियाज को मुख्य साजिशकर्ता बताया है, जो 2011 से यूनानी काउंसिल के रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार को जांच में शामिल एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इम्तियाज ने अपने पद का दुरुपयोग कर अयोग्य व्यक्तियों को मोटी रकम लेकर 'रजिस्टर ऑफ यूनानी मेडिकल प्रैक्टिशनर्स' (आरयूएमपी) प्रमाणपत्र दिया। यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद व्यक्ति चिकित्सकीय प्रैक्टिस कर सकते हैं। बता दें कि इम्तियाज ने अपने करियर की शुरुआत काउंसिल में एक पियून के रूप में की थी, लेकिन बाद में उन्हें रजिस्ट्रार बना दिया गया। रजिस्ट्रार बनने के बाद उन्होंने इस पद का गलत फायदा उठाते हुए जाली प्रमाणपत्र बेचने का काम शुरू किया। इम्तियाज पर आरोप है कि उन्होंने राज्य के बाहर के लोगों को भी ये प्रमाणपत्र बेचा है। बताया गया है कि गत रविवार की रात उसके खिलाफ तलाशी अभियान शुरू हुआ। सोमवार को चामरु खानसामा लेन स्थित एक घर से पुलिस ने इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया। इस दिन, उसे सियालदह अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उससे सारी रात पूछताछ हुई है, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह भी पता चला है कि वह सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं के लगातार संपर्क में रहे हैं।

## जेल में फिर बीमार पड़े पार्थ चटर्जी, स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेसीडेंसी जेल पहुंचे डॉक्टर

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी के हाथों गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी एक बार फिर जेल में बीमार हो गए हैं। उन्हें कई तरह की शारीरिक समस्याएं हो रही हैं। इस जानकारी के बाद मंगलवार को डॉक्टरों की एक टीम ने प्रेसिडेंसी जेल में जाकर पार्थ चटर्जी की शारीरिक जांच की। बताया जा रहा है कि पार्थ चटर्जी को गिरफ्तारी के पहले भी कई तरह की शारीरिक समस्याएं थी। लेकिन, जेल में रहने के दौरान कई तरह की समस्याएं बढ़ गई थी। अब उनके पैरों में सूजन बढ़ गई है। पैरों में लगातार दर्द हो रहा है। यही नहीं, कई तरह की चर्मरोग से संबंधित समस्याएं भी सामने आई है। इस तरह की शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को चिकित्सकों की एक टीम ने जेल में जाकर पार्थ चटर्जी की शारीरिक जांच की। गौरतलब है कि पार्थ चटर्जी को 2022 में शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब से लगभग दो साल बीत चुके हैं। पार्थ चटर्जी गिरफ्तारी के बाद से ही प्रेसीडेंसी जेल में ही रह रहे है। इसके पहले अदालत में सुनवाई के दौरान पार्थ के वकील ने कोर्ट को यह बात बताते हुए कई बार जमानत की अर्जी दी। लेकिन हर बार खारिज कर दिया गया। हालांकि, कोर्ट ने उनकी शारीरिक समस्याओं पर गौर करने के लिए कई आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद पार्थ चटर्जी का हर महीने चिकित्सकों की टीम जेल में जाकर हेल्थ चेकअप करती है। मेडिकल जांच रिपोर्ट के अनुसार, समय-समय पर जरूरत के मुताबिक उनकी दवाएं भी बदली जाती हैं।

### 27 किलो के प्रतिबंधित पटाखों के साथ एक गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस ने छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित पटाखों को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मानिक साव(45) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। मिली जानकारी के अनुसार, गत 28 अक्टूबर को हावड़ा पुलिस की एक टीम ने 103 नेताजी सुभाष रोड के पास छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 27 किलो के प्रतिबंधित पटाखे जब्त कर लिया। इन पटाखों को बेचने के आरोप में मानिक साव को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले की जांच जारी है।

### डानकुनी में तालाब से युवक का तैरता शव बरामद

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के डानकुनी इलाके में मंगलवार को तालाब से एक तैरता शव बरामद किया गया। तालाब के पास एक बाइक भी बरामद किया गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान दीपक सिंह के रूप में हुई है। वह हावड़ा के बाली का निवासी है। पता चला है कि अन्य दिनों की तरह मंगलवार की सुबह डानकुनी निवासी काम पर जा रहे थे। तभी, उन्हें डानकुनी के खरियाल तालाब में कुछ तैरता हुआ दिखाई दिया।

# धनतेरस के दिन गहनों की दुकानों में बनी रही रौनक, सोने की हुई जोरदार खरीदी



सांवनसुखा ज्वेलर्स



इंडियन जैम एंड ज्वैलरी क्रिएशन के चेयरमैन प्रमोद दुग्गड़ व निदेशक प्रयास दुग्गड़, प्रतीक दुग्गड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** धनतेरस के साथ मंगलवार को दीपोत्सव का शुभारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में सामान खरीदने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन, नए बर्तन के साथ-साथ सोने और चांदी के गहनों को खरीदना सबसे शुभ माना जाता है। इस दिन को और खास बनाने के लिए ज्वैलर्स द्वारा भी ग्राहकों को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर पेश किए जाते है। इन ऑफरों को लाभ उठाते हुए ग्राहकों ने जमकर खरीददारी की और दिन-भर बाजार में रौनक बनी रही।

❑ **सांवनसुखा ज्वेलर्स**

धनतेरस के दिन सांवनसुखा ज्वेलर्स में भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। इस दिन ग्राहकों को अधिकतर सोना खरीदते हुए देखा गया। कीमत बढ़ने के बावजूद ग्राहकों ने सोने की बिक्री में ज्यादा प्रभाव नहीं देखा गया। इसके साथ ही, सांवनसुखा ज्वेलर्स द्वारा धनतेरस के मौके पर लॉन्च किए गए विशेष नंदी की प्रतिमा वाले सिक्कों को भी ग्राहकों ने बहुत पसंद किया। सांवनसुखा द्वारा दिए गए ऑफरों को भी ग्राहकों को बहुत लाभ मिला। कुल मिलाकर दिनभर दुकान में रौनक बनी रही।

❑ **पन्ना डायमंड वर्ल्ड**

पन्ना डायमंड वर्ल्ड के मालिक पिंटू अग्रवाल ने बताया कि बहुत अच्छी बिक्री हुई है। उम्मीद के मुताबिक ग्राहकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ग्राहकों ने भी जमकर खरीददारी की। उन्होंने आगे बताया कि पन्ना डायमंड ज्वेलर्स का सिल्वर का ऑफर हिट रहा। पिछले बार के मुकाबले10 से 20 प्रतिशत का ग्रोथ हुआ है। सोने की बढ़ती कीमतों का प्रभाव पड़ा है। इस दिन काफी ग्राहकों ने बुकिंग भी की है।

❑ **इंडियन जैम एंड ज्वैलरी क्रिएशन**

इंडियन जैम एंड ज्वैलरी क्रिएशन के डायरेक्टर प्रयास दुग्गड़ ने बताया कि सोने की अधिक खरीददारी हुई है। हम बहुत सकारात्मक है, जिस तरह की उम्मीद थी ग्राहकों की प्रतिक्रिया भी उसी तरह मिल रही है। ग्राहकों ने हल्के और भारी सभी तरह के गहनों को पसंद किया है। इस दिन लोगों ने ब्राइडल ज्वेलरी भी खरीदा है। हमारे द्वारा दिए गए ऑफरों का भी लाभ उठाते हुए खरीददारी की है। सोने की कीमत बढ़ने के बाद भी लोगों ने खरीददारी की है।

❑ **आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स**

आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के डायरेक्टर रतन लाल अग्रवाल ने बताया कि सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही। दिनभर लोगों ने जमकर खरीदी की। उन्होंने बताया कि पिछले साल जैसा ही इस साल भी ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। गोल्ड, डायमंड और जड़ाऊ सभी तरह की ज्वैलरी को लोगों ने खरीदा है, लेकिन विशेष रूप से ग्राहकों की पहली प्राथमिकता सोने के प्रति ही देखी गई। उन्होंने आगे बताया कि सोने की कीमत अधिक होने के बावजूद लोग सोना खरीद रहे है, ऐसा देखा जा रहा है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत और बढ़ने की आशंका देखते हुए लोगों ने सोना खरीदा है।'



पन्ना डायमंड वर्ल्ड के निदेशक पिंटू अग्रवाल





आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के निदेशक रतन लाल अग्रवाल व उनके पुत्र रेवती रमण अग्रवाल



महावीर दनवार



रमेश चंद्र पारेख

# नारकेलडांगा में गोलीबारी, युवक को मारने की कोशिश



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुबह-सबेरे कोलकाता गैंगवार का गवाह बन गया। नारकेलडांगा में दो समूहों के बीच झड़प के कारण ओपन शूटआउट हुआ। युवक को सड़क पर जान से मारने की कोशिश की गई। इस तरह की सिलसिलेवार गड़बड़ियों से नारकेलडांगा के नॉर्थ काइजर स्ट्रीट में दहशत फैल गया। घायल युवक फिलहाल एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। आरोपी फरार हैं। नारकेलडांगा थाना पुलिस जांच कर उनकी तलाश कर रही है। इस घटना से इलाके में बेहद दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगलवार की सुबह नारकेल डांगा नॉर्थ के कैसर स्ट्रीट पर अचानक उपद्रव शुरू हो गया। यह इलाका सियालदह के पास है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी है। घड़ी में समय था 3:15। उसने बाहर आकर देखा तो सड़क पर कुछ लोगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। उन्हें धमकी भी दी गई। युवक लहूलुहान हालत में गिर पड़ा। उन्हें तुरंत बचाया गया और पहले एनआरएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनका तबादला एसएसकेएम में कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, युवक का नाम इमरान उम्र 26 साल है। उसका पता 70, नारकेलडांगा रोड है। सुबह सात बजे उपद्रव की खबर मिलने पर नारकेलडांगा पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस गोलीबारी के आरोपों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि इमरान पर 4 युवकों ने हमला किया था। माना जा रहा है कि यह हमला पुरानी दुश्मनी के कारण हुआ है लेकिन सभी आरोपी फरार हैं। जांचकर्ता उनकी तलाश कर रहे हैं। सुबह-सुबह खुली सड़क पर इस तरह की झड़प से स्थानीय लोग स्वाभाविक रूप से भयभीत हैं। पुलिस द्वारा पूरी स्थिति की जांच कर सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है।

## हावड़ा में 91 किलो प्रतिबंधित पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस दिपावली एवं काली पूजा के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके तहत, हावड़ा की दो जगहों से पुलिस ने कुल 91 किलो के प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। गत 27 अक्टूबर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर निश्चिंदा थानांतर्गत पूर्व सापुईपाड़ा निवासी बापी दास के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने वहां से कुल 45 किलो के पटाखे बरामद किए। वहीं, दूसरी तरफ, 28 अक्टूबर को डोमजूर थाना के तहत बांकड़ा ओपी की टीम ने बांकड़ा जपानीगेट में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 46 किलो के प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए। इस मामले में पुलिस ने शेख अली हुसैन (24) उर्फ डेंड्राइट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के 'अहम' कलेक्शन के कार्तिक आर्यन बने ब्रांड एंबेसडर



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने बॉलीवुड के युवा सुपरस्टार कार्तिक आर्यन को पुरुषों के नए ज्वैलरी रेंज – 'अहम' के ब्रांड एंबेसडर होने की घोषणा की। इस अभियान के साथ, ब्रांड ने सावधानीपूर्वक तैयार किए गए कलेक्शन 'रेगलिया – ओन योर स्टोरी' की एक विशेष श्रृंखला लॉन्च की है। इस कैंपेन में अभिनेता पुरुषों के लिए नई लॉन्च रेंज के हिस्से के रूप में अंगूठियां, कंगन, कफलिंक, ईयर-स्टड्स, चेन और पेंडेंट के साथ आधुनिक पुरुषों के लिए अपनी शैली को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, अपनी अनूठी शैली का प्रदर्शन करते हुए दिखाई देंगे। इस कलेक्शन का उद्देश्य पुरुषों को आभूषणों को अपनी व्यक्तिगत शैली के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और डिजाइन और मार्केटिंग प्रमुख जोइता सेन ने कहा, हम अपने पुरुषों के ब्रांड अहम के नए चेहरे के रूप में सेनको परिवार में कार्तिक आर्यन का स्वागत करते हुए खुश हैं। जैसा कि हम पुरुषों में स्टाइलिश आभूषणों के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हैं, वह पुरुषों के फैशन के लिए स्टाइल प्रेरणा बनने के लिए एकदम सही ब्रांड एंबेसडर हैं। नई साझेदारी को लेकर उत्साहित कार्तिक आर्यन ने कहा, मैं सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ उनके शानदार अहम संग्रह के लिए साझेदारी करके रोमांचित हूं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन





**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री (बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय) शांतनु ठाकुर ने इसका नेतृत्व किया। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाते हुए फिटनेस, एकता और सार्वजनिक सेवा की भावना का जश्न मनाते हुए मिलेनियम पार्क-3 से कोलकाता के सी.आर. एवेन्यू स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान चेयरपर्सन रथेंद्र रमन, डिप्टी चेयरपर्सन सम्राट राही और एसएमपी कोलकाता के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रन फॉर यूनिटी में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। एसएमपी, कोलकाता यूनिट के सीआईएसएफ कर्मी भी मैराथन में शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता और फिटनेस के मंत्र को अपनाते हुए 350 से अधिक प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर शांतनु ठाकुर ने प्रसन्नतापूर्वक उल्लेख किया कि, हम यहां राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए हैं, यह हमारे महान राष्ट्र में एकता और अखंडता के महत्व को याद करने का दिन है। जैसे-जैसे हम एकता के लिए दौड़ते हैं, आइए हम भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के दृष्टिकोण को याद करें, जिन्होंने हमारे देश की नियति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वाम मोर्चा-कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था भविष्य में भी जारी रहेगी : मो. सलीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य व पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आगामी उपचुनावों के लिए माकपा नीत वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि दोनों दलों ने भविष्य की बातचीत को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि उप-चुनावों के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था के लिए कांग्रेस के साथ आपसी बातचीत समय पर शुरू नहीं हुई। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने हाल ही में कार्यभार संभाला है। हाल ही में हमारे बीच चर्चा हुई। भविष्य में भी सीट बंटवारे के ऐसे समझौतों पर बातचीत जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट(यूडीएफ) और माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक फ्रंट (एलडीएफ) केरल में एक दूसरे के धुर विरोधी हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### स्वच्छता बनाए रखेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे : हेमा मालिनी



**मथुरा (उप्र) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय सांसद और मशहूर सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और कहा कि यदि आप स्वच्छता बनाए रखेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे। हेमा मालिनी ने सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)' के तहत तीन नवंबर तक चलाये जा रहे अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। यदि आप स्वच्छता बनाए रखेंगे, तो बीमारियों की चपेट में नहीं आएंगे। स्वच्छ बने रहेंगे।' सोमवार को मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के तत्वावधान में वृन्दावन से इसके लिए एक रैली निकाली गई। यह रैली वृंदावन में इस्कॉन मंदिर के समीप से हरि निकुंज चौराहे तक निकाली गई जिससे कुल 700 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। वे हाथ में स्वच्छता संदेश देने वाली तख्तियां उठाए हुए थे और स्वच्छ रहने का आह्वान करते चल रहे थे। इस रैली में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी आदि निगम के अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

### उत्तर प्रदेश: अदालत ने हत्या के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**प्रतापगढ़ (उप्र) :** जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 20,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पुत्तू लाल ने थाना रानीगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसके बड़े भाई फूलचंद्र 27 जून 2020 को सुबह छः बजे शौचालय की टूटे पाइप को बदल रहे थे, तभी पड़ोस में रहने वाले सुनील, नन्दलाल, रामकुमार, राजेंद्र और अजय ने धारदार हथियार और लाठी डंडे से उन पर हमला कर दिया। शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में उपचार के दौरान फूलचंद्र की मौत हो गई।

### पटना: मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान क्रेन के ब्रेक फेल होने से दो मरे, छह घायल

**पटना :** पटना शहर के पीरबहोर थानांतर्गत मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि को एक क्रेन के ब्रेक फेल होने के कारण हुई दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा छह अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक सह पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि मेट्रो में बीती रात एक दुर्घटना में अभी तक की जानकारी के अनुसार दो लोगों की मृत्यु हो गई है और छह अन्य व्यक्ति घायल है जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, मोटर संचालित एक क्रेन के ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। तब वहां मजदूर काम कर रहे थे। एसएसपी ने बताया कि इस संबंध में मेट्रो अपने स्तर पर जांच कर रहा है और पटना जिला प्रशासन की ओर से भी मामले की जांच कराई जा रही है । जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आज कोई भी माफिया और अपराधी कानून से खिलवाड़ नहीं कर सकता: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों की व्यवस्था पर तंज कसते हुए मंगलवार को दावा किया कि आज कोई भी माफिया और अपराधी कानून से खिलवाड़ नहीं कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोमतीनगर स्थित होटल ताज में आयोजित एक न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा, 'प्रदेश की पहचान देश और दुनिया में दंगे, दुर्दांत माफिया, माफिया गिरोह, राजनीति के अपराधीकरण और शासन के भ्रष्टाचार के रूप में हो गयी थी। इसकी वजह से प्रदेश के युवाओं के सामने नौकरी, सम्मान और स्वाभिमान का संकट खड़ा हो गया था।' मौजूदा माहौल पर उन्होंने कहा, 'आज प्रदेश में निवेश और पर्यटन के लिए अनुकूल माहौल है। यह केवल नीति और कारोबार सुगमता से ही संभव नहीं हुआ है, बल्कि इसके लिए प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से कार्य किया।' योगी ने कहा, 'इसमें कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति की अहम भूमिका रही है।

### 'सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को मजबूत करता है 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, बल्कि सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को भी बल प्रदान करता है। देश के दिवंगत पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक आयोजित इस दौड़ में सैकड़ों युवाओं, बच्चों और आम नागरिकों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री और प्रमुख नेता मौजूद थे। 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी ने सभी को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की एकता और सुरक्षा के लिए नागरिकों से सेना के साथ अपनी भी जिम्मेदारी निभाने और सहयोग करने की अपील की।

## जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रही सरकार: राजस्थान के मुख्यमंत्री



**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का 'डिजिटल माध्यम' से उद्घाटन और शिलान्यास किया जिसमें राजस्थान से जुड़ी परियोजनाएं भी शामिल हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में भरतपुर के आरबीएम अस्पताल से 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग' के माध्यम से जुड़े। शर्मा ने कहा, 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत के तहत आज राज्य में भरतपुर, धौलपुर, चूरू, बूंदी, चित्तौड़गढ़, सिरोही, करौली तथा हनुमानगढ़ में गहन चिकित्सीय देखभाल खंड का शिलान्यास किया गया है। इनकी स्थापना जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में की जा रही है।' उन्होंने कहा कि गहन चिकित्सका इकाई (आईसीयू) बिस्तर, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य आपातकालीन सुविधाओं से लैस इन खंड से प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाएं सुदृढ होंगी। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

## मुजफ्फरनगर दंगा मामला: गैर-जमानती वारंट के बाद कई भाजपा नेता अदालत में पेश

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर दंगा मामले में गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा और अशोक कटारिया, भाजपा के पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व सांसद भारतेंदु सिंह सहित कई भाजपा नेता मंगलवार को मुजफ्फरनगर में विधायक/सांसद अदालत में पेश हुए। विशेष न्यायाधीश देवेंद्र फौजदार ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए 16 नवंबर की तारीख तय की है। इस बीच, डासना मंदिर के पुजारी यति नर-सिंहानंद अदालत में पेश नहीं हुए और उनके खिलाफ फिर से गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों को तय तारीख पर पेश होने का आदेश दिया। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, विहिप नेता साध्वी प्राची, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पूर्व सांसद भारतेंदु सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक और अशोक कंसल, डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद समेत 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दीपोत्सव को लेकर संतों और आमजन में खुशी की लहर




**लखनऊ/अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में बुधवार को आयोजित होने वाले दीपोत्सव के आठवें संस्करण को लेकर राम नगरी के निवासी और संतगण खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि यहां नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दिवाली समारोह होगा। अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'पहले हमें दुख होता था कि हमारे रामलला टेंट में हैं...लेकिन अब हर कोई खुश है कि पहली बार प्रभु (भगवान राम) भव्य नए मंदिर में दीपावली उत्सव में भाग लेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमें भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली पर भी इसी तरह की दीप-ावली मनाने की उम्मीद है।' पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि उसका लक्ष्य इस दिवाली पर सरयू नदी के तट पर 28 लाख दीये जलाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाना है। राम मंदिर को पर्यावरण के अनुकूल विशेष दीपक से रोशन किया जाएगा। ये दीपक मंदिर की संरचना पर दाग और कालिख के प्रभाव को रोकने के लिए बनाए गए हैं और इनकी लौ लंबे समय तक जलते रहेगी। राम मंदिर परिसर को पुष्प से सजाया जाएगा। सजावट के लिए इसे विभिन्न खंडों में विभाजित किया गया है।



**पटना : दिवाली की तैयारी में लोग खरीद रहे मिट्टी के दीये**

## झारखंड शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में आईएएस, अन्य से संबद्ध परिसरों पर छापे

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विनय कुमार चौबे, कुछ अन्य सरकारी अधिकारियों और झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में कई शराब व्यापारियों एवं बिचौलियों से संबद्ध परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के झारखंड कार्यालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हाल में एक आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के बाद रांची और रायपुर में 15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने प्रवर्तन निदेशालय के दलों को सुरक्षा प्रदान की। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा रायपुर में सात सितंबर को दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लिया, जिसमें चौबे, छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी और चार अन्य के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड काडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी एवं वर्तमान में झारखंड पंचायती राज विभाग के सचिव चौबे, राज्य के आबकारी विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह, शराब व्यापारियों और संबंधित व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### प्रधानाचार्य हत्याकांड: पिता की मौत का बदला लेने के लिए दिया था वारदात को अंजाम

**भदोही (उप्र) :** जिले के इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह हत्याकांड का खुलासा करते हुए मंगलवार को भदोही पुलिस ने बताया कि 27 साल पहले इस कॉलेज में नियुक्त अजय बहादुर सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए उनके बेटे ने सुपारी देकर प्रधानाचार्य की हत्या कराई थी। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि योगेंद्र बहादुर सिंह और उनके भाई अनिल सिंह ने कथित तौर पर अजय बहादुर की हत्या की थी जिसके बाद योगेंद्र खुद इस कॉलेज में अध्यापक बन गए। उन्होंने बताया कि अजय बहादुर की हत्या के मामले में योगेंद्र बहादुर और उनके भाई अनिल के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था, लेकिन 2002 में दोनों आरोप से बरी हो गए। घटना के समय अजय बहादुर का बेटा सौरभ सिंह बहुत छोटा था जो अब 26 साल का हो गया है। मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि योगेंद्र बहादुर सिंह हत्याकांड में पुलिस और सर्विलांस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक टाटा सफारी गाड़ी बरामद की जो इस घटना से जुडी थी। उन्होंने बताया कि इस आधार प्रयागराज जिले के शिवकुटी निवासी सौरभ सिंह और इसी जिले के फूलपुर निवासी मोहम्मद कलीम को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'पूछताछ करने पर दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने प्रधानाचार्य योगेंद्र की हत्या के लिए पांच लाख रुपये की सुपारी प्रतापगढ़ के शूटर को दी थी। पुलिस की टीम इन शूटर को पकड़ने का प्रयास कर रही है।' गत 21 अक्टूबर को इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह (56) की उस वक्त गोली मार कर हत्या की गई जब वह सुबह अपनी कार से कॉलेज के लिए निकले थे।

### गोंडा में पिता की हत्या के दोषी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

**गोंडा (उप्र) :** गोंडा जिले की एक अदालत ने पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को सोमवार को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। एक शासकीय अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) बसंत कुमार शुक्ला ने बताया कि सुनवाई के दौरान जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने साक्ष्यों और बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं और गवाहों कर पक्ष सुना। उन्होंने आरोपी राम सुरेश को पिता की हत्या का दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### अयोध्या स्थित राम मंदिर में दिवाली पर सजावट के लिए चीनी वस्तुओं का उपयोग नहीं किया जाएगा: न्यास

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश में अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के मकसद से दिवाली पर सजावट के लिए चीनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करने का फैसला किया है। अयोध्या शहर इस साल एक भव्य दीपोत्सव की तैयारी कर रहा है- यह यहां इस तरह के आयोजन का आठवां संस्करण होगा। इस साल जनवरी में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यहां पहली बार दीपोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को दीयों और अन्य वस्तुओं से सजाया जाएगा। एक मीडिया बयान के अनुसार, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने दिवाली के दौरान सजावट के लिए चीनी वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा देने और 'वोकल फॉर लोकल' पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) पर जोर दिया गया है।' पुलिस ने कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 10,000 सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात होंगे और उनमें से लगभग आधे सादे पोशाक में होंगे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 743 प्रत्याशियों के नामांकन मंजूर

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 743 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के दौरान स्वीकार कर लिये गये हैं। एक निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 62 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज कर दिये गये। राज्य में 13 नवंबर को पहले चरण के तहत 43 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जायेंगे। इन 43 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 805 प्रत्याशियों ने 18 से 25 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए थे। सोमवार को इन नामांकन पत्रों की जांच की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने यहां कहा, 'जांच के बाद अब 743 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। उम्मीदवार बुधवार तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## सुलतानपुर में आभूषण की दुकान में डकैती के मामले में इनामी बदमाश अंकित यादव गिरफ्तार

**सुलतानपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने सुलतानपुर जिला मुख्यालय के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक आभूषण की दुकान पर हुई डकैती के मामले में वांछित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि एसटीएफ द्वारा सोमवार को एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव को छिवकी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर कोतवाली नगर पुलिस के हवाले किया गया। एएसपी ने बताया कि इस बदमाश के पास से 755 ग्राम चांदी और कुछ नकदी बरामद की गई और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेजने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में इसी साल 28 अगस्त को दिनदहाड़े हथियारों के बल पर बदमाशों ने भरत जी आभूषण की दुकान से सवा करोड़ के जेवरात की डकैती की था। कोतवाली नगर में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के साथ अयोध्या, सुलतानपुर का विशेष अभियान समूह (एसओजी) और अमेठी-सुलतानपुर की पुलिस टीम आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई थी। इस मामले में पांच सितंबर को एसटीएफ और कोतवाली देहात पुलिस टीम ने हनुमानगंज बाईपास के पास मुठभेड़ में एक बदमाश मंगेश यादव को मार गिराया था।

## राजस्थान सरकार ने चार पाठ्य पुस्तकें वापस मंगवाई, एक में गोधरा कांड और बाद की घटनाओं का उल्लेख



**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने चार पाठ्य पुस्तकों को वापस मंगाने का आदेश दिया है जिनमें से एक में 2002 के गोधरा कांड और उसके बाद की घटनाओं का उल्लेख है। यह आदेश इन किताबों के सरकारी स्कूलों में बांटे जाने के एक महीने बाद दिया गया है।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने 21 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को निर्देश दिया कि वे 'जीवन की बहार' और 'चिट्टी-एक कुत्ता और उसका जंगल फार्म' (कक्षा नौ से 12 के लिए) तथा 'अदृश्य लोग - उम्मीद और साहस की कहानियां' के साथ-साथ 'जीवन की बहार' (कक्षा 11 और 12 के लिए) की सभी प्रतियां वापस मंगाना सुनिश्चित करें। स्कूल के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे इन पाठ्य पुस्तकों को इकट्ठा करें और उन्हें खंड कार्यालयों में जमा करें। वापस मंगाने के इस नोटिस में 'तकनीकी कमियों' का हवाला दिया गया है और कहा गया है कि कागज और छपाई की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए 'जीएसएम जांच' की जाएगी। जीएसएम जांच आमतौर पर कागज की गुणवत्ता के लिए कराई जाती है। चारों पुस्तकें 2023-24 शैक्षणिक सत्र के लिए पुस्तकालय अनुदान के तहत एक निजी संगठन द्वारा प्रकाशित की गई थीं। 'अदृश्य लोग- उम्मीद और साहस की कहानियां' में 'नौ लम्बे साल' नामक अध्याय में उल्लेख किया गया है कि गुजरात सरकार ने शुरू में दावा किया था कि गोधरा कांड में एक ट्रेन में लगी आग एक आतंकवादी साजिश का परिणाम थी और कहा कि यह उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय या विशेष अदालतों में साबित नहीं हुआ।

# राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ में निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 12 लोगों की मौत, अनेक घायल





**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले में मंगलवार अपराह्न एक भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की घो-षणा की। पुलिस ने बताया कि घटना लक्ष्मणगढ़ में अपराह्न करीब दो बजे हुई। सालासर से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के नीचे दीवार से टकरा गई जिससे बस का चालक की तरफ वाला हिस्सा तहस नहस हो गया। सीकर के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने संवाददाताओं से कहा, '12 लोगों की मौत की सूचना है। कुछ घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। बाकी का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।' उन्होंने बताया कि बस में सवार अधिकांश यात्री स्थानीय निवासी थे। सिंह ने बताया कि मृतकों और घायलों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है और घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि सालासर से लक्ष्मणगढ़ आ रही निजी बस को फ्लाईओवर के पास से मुड़ना था लेकिन संभवत: तेज गति के कारण चालक बस को मोड़ नहीं पाया और चालक की तरफ वाला हिस्सा फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराया। उन्होंने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि बस का एक तरफ का हिस्सा तहस नहस हो गया। मृतकों की पहचान विनीता (32), सीमा (22), किरण कंवर, कमला (35), बनारसी (55), आदित्य (16) तथा प्रमोद सिंह (35) के रूप में की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, राजस्थान के सीकर में हुआ बस हादसा हृदयविदारक है। इसमें जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने का संबल प्रदान करे। उन्होंने कहा, इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। एक अन्य 'एक्स' पोस्ट में पीएमओ ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की भी मंजूरी दी है। पीएमओ ने कहा, 'सीकर सड़क दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ से अनुग्रह राशि के तौर पर दो-दो लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।' राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी हादसे पर शोक जताया है। शर्मा ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है।

## भाजपा व कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे, उनसे समाज व संविधान को खतरा बढा : मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (उप्र) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी सरकारों वाले राज्यों में दलितों के लिए आरक्षण की नीतियों को बदलने की कोशिश की। आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था के मामले में हरियाणा के बाद तेलंगाना और कर्नाटक की सरकार पर हमला बोलते हुए उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ गया है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर श्रंखलाबद्ध पोस्ट में कहा 'देश के करोड़ों शोषित व उपेक्षित दलितों के आरक्षण विरोधी तथा उनकी आपसी एकता की दुश्मन जातिवादी पार्टियों द्वारा आरक्षण में कोटे के बंटवारे के प्रति सक्रियता से यह साफ है कि भाजपा व कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ़ा है।' मायावती ने अगले पोस्ट में कहा 'हरियाणा की भाजपा सरकार के बाद अब तेलंगाना व कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों ने भी दलितों को बांटने के लिए उनके आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। वास्तव में यह आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने के इनके जारी षडयंत्र का नया प्रयास है।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### मप्र: महिला ने बच्चों संग कुएं में छलांग लगाई, दोनों बच्चों की मौत

**छतरपुर (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में मंगलवार को एक महिला ने अपने दो बच्चों संग कुएं में छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने महिला को तो बचा लिया लेकिन दोनों बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर राजनगर पुलिस थाना क्षेत्र के भभुवा गांव में हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम सिंह ने बताया कि रामकली (25) ने कथित तौर पर अपने बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों की मौत हो गई और महिला की हालत गंभीर है। सिंह ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, संभवत: महिला के इस कदम के पीछे पारिवारिक कलह हो सकती है।

### दिवाली से पहले दिल्ली में करीब 19 हजार किलोग्राम पटाखे जब्त, 79 मामले किये गये दर्ज

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को बताया कि शहर में छापों के दौरान 19,005 किलोग्राम पटाखे जब्त किये गये हैं और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ अबतक 79 मामले दर्ज किये गये हैं। दीवाली से पहले उठाये गये प्रदूषण रोधी कदमों की समीक्षा के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और पुलिस के साथ बैठक के दौरान राय ने कहा कि 377 टीम को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर रोक लगाने के लिए तैनात किया गया है। राय ने एक बयान में कहा कि दिल्ली पुलिस की 300 और राजस्व विभाग की 77 टीम ने दिल्ली में 19,005 किलोग्राम पटाखे जब्त किये हैं। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री एवं भंडारण के संबंध में 79 मामले दर्ज किये गये हैं। दिल्ली पुलिस को जनसहयोग को बढ़ावा देने के लिए रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, बाजार समितियों एवं धार्मिक समितियों के साथ बैठकें करने का निर्देश दिया गया है। राय ने कहा कि (पटाखों पर)पाबंदी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 'दिया जलाओ, पटाखा नहीं' नामक अभियान शुरू किया गया है।

### कांग्रेस को झटका, मतीन अहमद के बेटे और बहू 'आप' में शामिल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे मतीन अहमद के बेटे और बहू मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। बाबरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद और उनकी पत्नी एवं चौहान बांगर से पार्षद शगुफ्ता चौधरी के साथ सत्तारूढ़ दल में शामिल होने से 'आप' में बैचेनी पैदा हो गई और सीलमपुर से मौजूदा विधायक अब्दुल रहमान ने पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। 'आप' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर ऐलान किया कि कांग्रेस नेता चौधरी जुबैर अहमद और उनकी पत्नी शगुफ्ता चौधरी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पार्टी में शामिल हो गए। केजरीवाल पार्टी के संयोजक भी हैं।

### छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये नक्सलियों में से तीन पर इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले के भेज्जी और जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनमें से तीन नक्सलियों कमांडर बारसे हड़मा (25), कमांडर बारसे नागेश (20) और हेमला जीतू (18) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि भेज्जी थाना क्षेत्र के गोमपाड़ और भंडारपदर गांव के मध्य जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 27 अक्टूबर को जिला बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को अभियान के लिए रवाना किया गया।

# कांग्रेस चुनाव दर चुनाव विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही : निर्वाचन आयोग




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितता से संबंधित कांग्रेस के आरोपों को मंगलवार को खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी पूरे चुनाव नतीजों की विश्वसनीयता के बारे में उसी तरह का संदेह पैदा कर रही है, जैसा उसने अतीत में किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा कि इस तरह के तुच्छ और बेबुनियाद संदेह अशांति पैदा करने की क्षमता रखते हैं, खासकर मतदान और मतगणना जैसे महत्वपूर्ण चरण में, जब राजनीतिक दलों और जनता की बेचैनी चरम पर होती है। हरियाणा में पांच अक्टूबर को हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 90 में से 48 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी, जबकि कांग्रेस 37, इनेलो दो और निर्दलीय तीन सीटों पर विजयी रहे। आठ पन्नों के पत्र के मुताबिक, कांग्रेस ने हरियाणा की 26 विधानसभा सीटों के कुछ मतदान केंद्रों पर गिनती के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के 'कंट्रोल यूनिट' पर बैटरी का स्तर 99 फीसदी दिखने पर सवाल उठाए थे और स्पष्टीकरण मांगा था। आयोग ने कहा, इस चिंता में 'कंट्रोल यूनिट' को बदले जाने की आशंका छिपी हुई थी। निर्वाचन आयोग के साथ बैठक में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा था कि कई विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना प्रक्रिया के दौरान, कांग्रेस उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों ने यह तथ्य निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाया था। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आयोग ने कहा, किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल से इसकी अपेक्षा कम ही की जाती है। आयोग देश में चुनावी लोकतंत्र को बनाए रखने और मजबूत करने में राजनीतिक दलों के सुविचारित विचारों की गंभीरता की सराहना करता है और आश्वासन देता है कि वह समय पर शिकायत के निवारण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः नवाब मलिक ने राकांपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने मंगलवार को मुंबई के मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने मलिक की उम्मीदवारी के खिलाफ बयान दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद मलिक ने नामांकन दाखिल कर दिया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। शेलार ने कहा था, हम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े किसी भी व्यक्ति को टिकट देना स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था, हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे और हमारा रुख अलग होगा। मलिक ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, मैंने तय किया था कि अगर मुझे अपनी पार्टी से नामांकन पत्र नहीं मिला तो मैं निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ूंगा।

## मंगलवार को सौ से अधिक उड़ानों को मिलीं बम की धमकियां

**नयी दिल्ली/मुंबई :** विभिन्न भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 100 से अधिक उड़ानों को मंगलवार को बम की धमकियां मिलीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पिछले 16 दिनों में 510 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को ऐसी धमकियां मिली हैं, जो बाद में अफवाह साबित हुईं। इनमें ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गयीं। सूत्रों का कहना है कि एयर इंडिया की करीब 36 उड़ानों, इंडिगो की करीब 35 उड़ानों और विस्तारा की 32 उड़ानों को धमकियां मिलीं। एक विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, " 29 अक्टूबर, 2024 को सोशल मीडिया के जरिये एयर इंडिया की कई उड़ानों को धमकियां मिलीं।" उन्होंने कहा, "निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, संबंधित प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया और नियामक प्राधिकारियों के मार्गदर्शन के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया।" इस बीच, मुंबई पुलिस ने तीन विमानन कंपनियों को उनके 'एक्स' हैंडल पर बम की धमकी मिलने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा को धमकियां मिली थीं और वे जांच के बाद अफवाह साबित हुईं। नगर पुलिस ने विमानन कंपनियों को बम की धमकियां मिलने के सिलसिले में अक्टूबर में 14 प्राथमिकियां दर्ज कीं। विमानन कंपनियों को मिल रही फर्जी बम धमकियों की बाढ़ के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा है कि वे उचित सावधानी बरतें और आईटी नियमों के तहत निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचनाओं को तुरंत हटा दें या उन तक पहुंच पर रोक लगा दें।

## रेलवे व्यवस्था टूट रही है, यात्रियों की कोई सुनने वाला नहीं: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दीपावली के समय रेल यात्रा में बहुत सारे लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए मंगलवार को दावा किया कि रेलवे व्यवस्था टूट रही है और यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने में असमर्थ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय कोई लोगों की सुनने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने एक वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, इस दिवाली पर करोड़ों भारतीय अपने परिवार से मिलने रेल से यात्रा करेंगे। दैनिक यात्री हो या पर्यटक, शहरी हो या ग्रामीण, श्रमिक हो या उद्योगपति - रेलवे हर भारतीय की ज़िंदगी का एक बड़ा हिस्सा या आधार है। अगर हमारी ट्रेनें रुक जाएं, तो भारत थम जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसी बेहतरीन रेल सुविधा चाहिए जो सभी लोगों के लिए हो। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, आज बालासोर से बांद्रा तक, हमारी रेलवे व्यवस्था टूट रही है और यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने में असमर्थ है। इस समय, जब लोगों की बात सुनी जानी चाहिए तब कोई सुनने वाला नहीं है।

## सैन्य अधिकारी ने अखनूर अभियान पर कहा-आतंकी शिविरों में 50 से अधिक आतंकी, घुसपैठ को तैयार

**जम्मू :** सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि सीमा पार स्थित आतंकी शिविरों में 50 से अधिक आतंकवादी मौजूद हैं जो जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ की फिराक में हैं। अधिकारी ने कहा कि सेना इस चुनौती के प्रति पूरी तरह सतर्क है और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करेगी। दस इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल समीर श्रीवास्तव ने यहां के निकट अखनूर सेक्टर में तीन आतंकवादियों को मार गिराये जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेना आतंकवादियों को नागरिकों को नुकसान पहुंचाने नहीं देगी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव के पास वन क्षेत्र में छिपे दो आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मंगलवार की सुबह मार गिराया, जिससे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है। अधिकारी ने कहा, "घुसपैठ की रूपरेखा हर गुजरते साल के साथ बदलती है, खासकर बर्फबारी के दौरान और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।" मेजर जनरल श्रीवास्तव के साथ 28 इंफैंट्री ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर कपिल तनेजा और जम्मू-कठुआ-सांबा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा भी थे। मेजर जनरल श्रीवास्तव ने कहा कि चुनौतियां वही हैं - घुसपैठ और आतंकवादी कृत्यों का मुकाबला करना। उन्होंने कहा, "हम पूरी तरह से तैयार हैं, जैसा कि आपने आतंकवादियों के खिलाफ हाल के सफल अभियानों में देखा है। मुझे यकीन है कि ऐसे सफल अभियानों का आतंकवाद पर असर पड़ेगा।"

## न्यूज अपडेट

### केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ



**प्रयागराज :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का उद्घाटन समारोह सोमवार को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यतेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि देकर किया गया। इसके बाद संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाक प्रतियोगिता, निबंध, क्विज एवं रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिताएं तथा सतर्कता जागरूकता संबंधी संगोष्ठी जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सतर्कता संगोष्ठी की अध्यक्षता श्री यतेंद्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने की। संगोष्ठी में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा दिए गए वक्तव्य में कहा गया कि प्रत्येक व्यक्ति को निजी एवं सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के प्रति सदैव संवेदनशील रहकर कार्य व्यवहार करना चाहिए तभी समाज एवं राष्ट्र के विकास में समृद्धि परिलक्षित होगी। सतर्कता संगोष्ठी का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री सौरभ मिश्रा, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी कोर द्वारा किया गया।

### महाराष्ट्र: भाजपा ने आठ, कांग्रेस ने पांच विधायकों को टिकट काटे, शिवसेना ने यथास्थिति बरकरार रखी

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की समयसीमा समाप्त होने के साथ ही यह बात सामने आई है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने सबसे अधिक विधायकों के टिकट काट दिये हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां आठ विधायकों के टिकट काटे हैं, जबकि कांग्रेस ने पांच विधायकों को टिकट न देने का फैसला किया है। अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने दो-दो मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं देने का विकल्प चुना है। विशेष रूप से, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने दो को छोड़कर अपने सभी विधायकों को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 23 नवंबर को मतों की गिनती होगी।

### लोकसभा चुनाव परिणाम, अवैध आईपीएल प्रसारण को लेकर सट्टेबाजी में संलिप्त वेबसाइट पर फिर छापा

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि आईपीएल क्रिकेट मैचों के अवैध प्रसारण के अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर कथित रूप से ऑनलाइन सट्टेबाजी करने में लिप्त एक वेबसाइट के खिलाफ धनशोधन मामले में उसने फिर छापेमारी की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि मुंबई और गुजरात के कच्छ में 25 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान 'अभियोजनयोग्य' दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और अचल संपत्ति संबंधी कागजातों के अलावा चार करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, बैंक जमाराशि एवं चांदी के छड़ें जब्त की गयी हैं। उसने कहा कि कथित रूप से अवैध गतिविधियों में लिप्त 'फेयरप्ले' नामक वेबसाइट को तकनीकी और वित्तीय प्रबंधन सहयोग उपलब्ध कराने में लगे लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है। धनशोधन का यह ममला मुंबई पुलिस की साइबर शाखा द्वारा दर्ज की गयी एक प्राथमिकी पर आधारित है। 'वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड' ने 'फेयरप्ले स्पोर्ट एलएलसी' के खिलाफ 100 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व नुकसान पहुंचाने की शिकायत की थी जिसके आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। संघीय एजेंसी (ईडी) ने कहा कि उसकी जांच से पता चलता है कि कृष लक्ष्मीचंद शाह फेयरप्ले के पीछे 'मुख्य व्यक्ति' है और उसने वेबसाइट के संचालन के लिए कुराकाओ (दक्षिणी कैरेबियन सागर में एक द्वीप देश) में 'प्ले वेंचर्स एन.वी' और 'डच एंटिलीज़ मैनेजमेंट एन.वी', दुबई में 'फेयर प्ले स्पोर्ट एलएलसी', 'फेयरप्ले मैनेजमेंट डीएमसीसी' और माल्टा में प्ले वेंचर्स होल्डिंग लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों को पंजीकृत किया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि फेयरप्ले का दुबई से 'संचालन' किया जा रहा है।

## वक्फ भूमि विवाद: मुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी किसान को बेदखल नहीं किया जाएगा



**बेंगलुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि विजयपुरा जिले में किसी भी किसान को उसकी जमीन से बेदखल नहीं किया जाएगा तथा उन्हें जारी किए गए नोटिस वापस ले लिए जाएंगे। विजयपुरा जिले के किसानों के एक वर्ग ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है। सिद्धरमैया ने कहा, किसी भी किसान को उसकी जमीन से बेदखल नहीं किया जाएगा। कल राजस्व मंत्री (कृष्णा बायरे गौड़ा), एम बी पाटिल (उद्योग मंत्री और विजयपुरा जिले के प्रभारी मंत्री) और वक्फ मंत्री जमीर अहमद खान ने संयुक्त रूप से कहा है कि विजयपुरा के किसी भी किसान को उसकी जमीन से बेदखल नहीं किया जाएगा।" उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यदि किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाएगा। यादगीर और धारवाड़ जिलों में भी किसानों को इसी तरह के नोटिस जारी किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैं राजस्व मंत्री से इस पर गौर करने को कहूंगा, कहीं भी किसानों को बेदखल नहीं किया जाएगा। टिकोटा तालुक के होनावडा में 1,200 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किए जाने को लेकर भ्रम को स्पष्ट करने की कोशिश करते हुए, उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने हाल में कहा था कि यह एक त्रुटि के कारण था। उन्होंने यह भी कहा था कि 1,200 एकड़ में से सिर्फ 11 एकड़ ही वक्फ संपत्ति है और मुद्दों को सुलझाने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कार्य बल का गठन किया जाएगा।

## वक्फ विधेयक: आने वाले दिनों में कई बैठकें और पांच राज्यों का दौरा करेगी संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने रिपोर्ट सौंपने की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही अगले सप्ताह से कई बैठकें करने और पांच राज्यों की राजधानियों के दौरे की योजना बनाई है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में संयुक्त समिति मुस्लिम महिलाओं, शिक्षाविदों, वकीलों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के विचार सुनने के लिए 4-5 नवंबर को बैठकें आयोजित करेगी। अगले शनिवार से समिति गुवाहाटी से पांच राज्यों का अपना दौरा शुरू करेगी, जहां वह असम के अल्पसंख्यक मामलों और कानून तथा न्याय मंत्रालय तथा मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के राज्य अल्पसंख्यक आयोग और असम के वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक बातचीत करेगी। समिति बार काउंसिल और वकील संघों, मुत्तवल्ली संघों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेगी। समिति भुवनेश्वर (11 नवंबर), पश्चिम बंगाल (12 नवंबर), बिहार (13 नवंबर) और लखनऊ (14 नवंबर) में हितधारक समूह के साथ चर्चा करेगी। समिति को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन तक विधेयक पर अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

## केरल: मंदिर में उत्सव के दौरान दुर्घटना में 150 से अधिक लोग घायल

**एसआईटी करेगी मामले की जांच**



**कासरगोड (केरल) :** केरल में सोमवार देर रात को नीलेश्वरम के पास एक मंदिर में उत्सव मनाते समय की जा रही आतिशबाजी के दौरान हुई एक दुर्घटना में 150 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से दस लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों को कासरगोड, कन्नूर और पड़ोसी राज्य कर्नाटक के मंगलुरु में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना नीलेश्वरम के निकट वीरकावु मंदिर में हुई। जिलाधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए लोग 80 प्रतिशत तक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा, "दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल से नमूने जुटाए गए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है।"

## प्रियंका ने मोदी सरकार पर वायनाड में पुनर्वास प्रयासों की 'उपेक्षा' करने का आरोप लगाया



**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान तेज करते हुए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस पहाड़ी जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के पुनर्वास के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं कराके उनकी 'उपेक्षा' कर रही है और लोकतंत्र को नष्ट करने की कोशिश में जुटी है। प्रियंका ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का रुख लोगों और राष्ट्र का सम्मान नहीं करने के उनके भाव को दर्शाता है और यह बात उसके पिछले 10 वर्ष के शासन के दौरान बनाई गई नीतियों से भी स्पष्ट है। उन्होंने वायनाड में हुए भूस्खलन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिले में आए, प्रभावित स्थानों का दौरा किया, लोगों से मिले और उन्हें हर तरह की मदद का वादा किया, लेकिन केंद्र सरकार ने इसके महीनों बाद भी प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश का संविधान उस राजनीति से उपजा है, जिसमें जनता को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है। अपने चुनाव प्रचार के दूसरे दिन यहां थेरात्तम्माल में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, "फिर भी आज हमारे देश में सत्तारूढ़ भाजपा एक बिल्कुल अलग तरह की राजनीति कर रही है। वे हमारे राष्ट्र के मूल तत्व को भूल चुके हैं। वे लोकतंत्र को नष्ट करने, क्रोध, घृणा और विभाजन फैलाने के लिए काम कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "उनका एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है, चाहे इसके लिए कोई भी तरीका क्यों न अपनाया जाए। पिछले 10 वर्षों में हमने इस राजनीति को बार-बार देखा है।" उन्होंने कहा, "हिमाचल प्रदेश में भी हमने यही देखा। तो इस तरह की राजनीति केवल उन्हें लंबे समय तक सत्ता में रखने के लिए की जाती है और जनता की अनदेखी होती है।"

# भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और स्विस रेल के प्रमुख अल्बर्ट रोएस्टि ने समझौता पत्र पर किया हस्ताक्षर



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने हेतु आपसी सहमति हुई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और स्विस रेल के प्रमुख अल्बर्ट रोएस्टि ने किया समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम में सबसे पहले स्विट्ज़रलैंड में भारत के राजदूत मृदुल कुमार ने फेडरल काउंसलर और डीईटीईसी के प्रमुख अल्बर्ट रोएस्टि को एक शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अल्बर्ट रोएस्टि ने अपने संबोधन में भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच रेलवे के क्षेत्र में सहयोग के महत्व पर जोर दिया तथा इस बात को स्पष्ट किया कि स्विट्ज़रलैंड की उन्नत रेलवे तकनीक भारत में रेलवे के विकास में हर प्रकार से मददगार सिद्ध हो सकती हैं। भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में विचार साझा करते हुए कहा कि पूरे देश में सुरक्षित एवं तीव्र गति का रेल परिचालन भारत सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। समझौता पत्र के माध्यम से दोनों देशों के बीच ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, ईएमयू और ट्रेन सेट, ट्रैक्शन प्रोपल्शन उपकरण, माल और यात्री गाड़ियां, टिल्टिंग ट्रेनें, रेलवे विद्युतीकरण उपकरण, ट्रेन शेड्यूलिंग और संचालन सुधार, रेलवे स्टेशन आधुनिकीकरण, मल्टीमॉडल परिवहन और टनलिंग तकनीक के मामले में एक दूसरे को सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान सहमति बनी कि भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को अधिक मजबूती प्रदान की जाए। यह समझौता पत्र रेलवे प्रणाली में नवीनतम तकनीकों के समावेश के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित पहले समझौते की निरंतरता है, जो रेल क्षेत्र में दोनों देशों के बीच तकनीकी विकास और नवाचार के लिए किया गया था। इस समारोह के माध्यम से, दोनों देशों ने अपने मजबूत सहयोग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## रक्षा हितधारक ऐसे विचार और उत्पाद लेकर आएं जो सशस्त्र बलों की आवश्यकता बन जाएं: राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रक्षा उद्योग के हितधारकों और नवप्रवर्तकों से नए विचार सामने लाने और उन्हें उत्पादों में बदलने का आह्वान किया, ताकि सशस्त्र बलों को लगे कि वे इन उपकरणों के बिना अधूरे हैं। नौसेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'स्वावलंबन 2024' में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा कि सरकार के ठोस प्रयासों से न केवल आयात निर्भरता कम हुई है और सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, बल्कि इसके परिणामस्वरूप पूरे देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और आत्मनिर्भरता एक क्रांतिकारी विचार के रूप में उभरी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सिंह का मानना है कि नवाचार और आत्मनिर्भरता का विचार पनपा है और सरकार के प्रयासों से युवाओं में यह चेतना जागृत हुई है। उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईडेक्स (एडीआईटीआई 3.0) चुनौती के साथ अभिनव प्रौद्योगिकियों के विकास के तीसरे संस्करण और डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी 13)के 13वें संस्करण का अनावरण किया। इन चुनौतियों का उद्देश्य स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों और परिचालन दक्षताओं को आगे बढ़ाना है। सिंह ने सशस्त्र बलों द्वारा दिए गए चुनौतियों के लिए उनके नवोन्मेषी समाधानों के लिए विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रयासों को असाधारण बताया। सिंह ने कहा, अब आपको ऐसे विचार लाने हैं जो हमारी आवश्यकता बन जाएं।

# मंधाना की शतकीय पारी से भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

**अहमदाबाद :** स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की महिला एकदिवसीय श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम किया। मंधाना ने 122 गेंद की पारी में 10 चौके की मदद से 100 रन बनाने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 59) के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 गेंद में 117 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। भारत ने न्यूजीलैंड को 232 रन पर आउट करने के बाद 44.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। शुरुआती दो मुकाबलों में संघर्ष करने वाली भारतीय बल्लेबाजी को मंधाना के लय में लौटने का फायदा मिला और टीम ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। मंधाना ने यास्तिका भाटिया (49 गेंद में 35 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी और फिर हरमनप्रीत के साथ शतकीय साझेदारी के साथ जीत पक्की की। हरमनप्रीत ने 63 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके जड़े। न्यूजीलैंड के लिए हान्ना रो ने दो जबकि कप्तान सोफी डिवाइन और फ्रान जोनास ने एक-एक विकेट चटकाये। न्यूजीलैंड के लिए ब्रूक हैलिडे ने 86 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 96 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। अनुभवी दीप्ति शर्मा ने तीन जबकि प्रिया मिश्रा ने दो विकेट लिये जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 49.5 ओवर में ऑल आउट कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा ने शुरुआती दो ओवरों में दो



चौके जड़े लेकिन चौथे ओवर में हान्ना की गेंद पर विकेट के पीछे लपकी गयी। उन्होंने 11 गेंद में 12 रन बनाये। स्मृति मंधाना और यास्तिका भाटिया ने इसके बाद सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाने पर ध्यान दिया। मंधाना ने नौवें ओवर में डिवाइन और दसवें ओवर में ईडन कार्सन के खिलाफ चौके जड़कर रन गति में कुछ सुधार किया। यास्तिका ने कार्सन पर दो चौके लगाकर आत्मविश्वास हासिल किया। इस खतरनाक होती साझेदारी को डिवाइन ने यास्तिका को अपनी गेंद पर लपककर तोड़ा। मंधाना ने24वें ओवर में जोनास के खिलाफ एक रन के साथ भारत के शतक को पूरा किया और फिर लिया ताहुहू के खिलाफ चौका जड़कर 75 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। उन्होंने इसके बाद जोनास और ताहुहू की गेंदों को बाउंड्री पार भेज कर भारतीय रन गति को तेज किया। दूसरे छोर से संभल कर खेल रही कप्तान हरमनप्रीत ने हान्ना के खिलाफ अपनी पारी का पहला चौका लगाने के बाद अगले ओवर में कार्सन के खिलाफ इस कारनामे को दोहराया। मंधाना और हरमनप्रीत ने 34वें ओवर में जोनास के खिलाफ चौके लगाये जिससे मैच में पहली बार भारतीय टीम की रनगति पांच रन प्रति ओवर के ऊपर पहुंची। दोनों ने 37वें ओवर में डिवाइन के खिलाफ भी आक्रामक तेवर दिखाते हुए तीन चौके जड़े। हरमनप्रीत ने हान्ना के खिलाफ एक रन के साथ वनडे करियर का 18वां अर्धशतक पूरा किया। मंधाना ने कार्सन के खिलाफ एक रन चुराकर 121 गेंद में अपना शतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में ही हान्ना की गेंद पर बोल्ड हो गयी। भारतीय कप्तान ने 46वें ओवर में डिवाइन की गेंद पर चौके के साथ टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

## हम किसी भी कीमत पर यह श्रृंखला जीतना चाहते थे: हरमनप्रीत



**अहमदाबाद :** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम हाल ही में टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की महिला एकदिवसीय श्रृंखला 'किसी भी कीमत पर' जीतना चाहती थी। हरमनप्रीत ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह हमारे लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि हम किसी भी कीमत पर यह श्रृंखला जीतना चाहते थे।' उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैंने सुबह कहा, हमने बहुत सी चीजों पर चर्चा की और वास्तव में खुश हूं कि हम आज इसे अंजाम दे पाए। जब भी हम खेलते हैं तो अपना शत प्रतिशत देना चाहते हैं लेकिन कभी-कभी चीजें आपके हिसाब से नहीं होती हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में आपको खुद को आगे बढ़ाते रहना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमने टीम बैठक में इन चीजों पर चर्चा की इसलिए बेहद खुश हूं कि हम पिछले मैच में हार के बाद वापसी कर पाए।'

## मैक्सवेल का खुलासा, कंधे की चोट का मजाक उड़ाने के लिए कोहली ने इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया था



**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि विराट कोहली ने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया था क्योंकि 2017 बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कंधे की चोट के बाद उन्होंने भारत के दिग्गज बल्लेबाज का मजाक उड़ाया था। कोहली और मैक्सवेल तब तक अच्छे दोस्त नहीं थे जब तक कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 2021 में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से नहीं जुड़ गया। बेंगलुरु की टीम ने उन्हें 14.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर कोहली को फॉलो करने की कोशिश की लेकिन उन्हें पता चला कि उन्हें पूर्व भारतीय कप्तान ने ब्लॉक कर दिया है। मैक्सवेल ने 'लिस्टनएआर स्पोर्ट' पर विलो टॉक पॉडकास्ट के दौरान कहा, 'जब मुझे पता चला कि मैं आरसीबी में जा रहा हूं तो विराट मुझे मैसेज करने वाले और टीम में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे। जब मैं आईपीएल से पहले के ट्रेनिंग शिविर के लिए आया तो हमने बातचीत की और साथ में काफी समय ट्रेनिंग में बिताया।' उन्होंने कहा, 'तो मैं उसे फॉलो करने के लिए उसके सोशल मीडिया पर जाता हूं। इससे पहले मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे दिमाग में कभी यह बात नहीं आई थी। मैंने देखा, मैं उसे नहीं ढूंढ सकता।' मैक्सवेल ने कहा, 'मुझे यकीन है कि वह कहीं ना कहीं सोशल मीडिया पर है इसलिए मैंने इसके बारे में कुछ नहीं सोचा। ऐसा नहीं है कि शायद वह इंस्टाग्राम के बारे में नहीं जानता था।'

## गनी के शतक के बावजूद हारा बिहार, कर्नाटक की पहली जीत

**पटना :** सकीबुल गनी के जुझारू शतक के बावजूद बिहार को मंगलवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मुकाबले के चौथे और अंतिम दिन आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कर्नाटक को सत्र की पहली जीत से छह अंक मिले और उसकी नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदें बेहतर हुईं। कर्नाटक ने पहली पारी सात विकेट पर 287 रन पर घोषित करते हुए 144 रन की बढ़त हासिल की। बिहार की टीम इसके जवाब में गनी (130) और बाबुल कुमार (44) के बीच तीसरे विकेट की 130 रन की साझेदारी के बावजूद दूसरी पारी में 212 रन पर सिमट गई। गनी ने 194 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और चार छक्के मारे। गनी और बाबुल के अलावा जितिन यादव (15) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। कर्नाटक की ओर से श्रेयस गोपाल ने 70 रन देकर चार जबकि विजय कुमार विशाक ने 44 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कर्नाटक को 69 रन का लक्ष्य मिला और उसने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस (नाबाद 28) और अभिनव मनोहर (नाबाद 17) की पारियों ने दो विकेट पर 70 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंदौर में रजत पाटीदार ने 102 गेंद में 159 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद मध्य प्रदेश को हरियाणा के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। हरियाणा ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए और वह ग्रुप सी में 13 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसके क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद केरल और कर्नाटक से पांच अंक अधिक हैं। पहली पारी में 132 रन से पिछड़ने के बाद मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी चार विकेट पर 308 रन बनाकर घोषित की। पाटीदार ने इस दौरान सिर्फ 68 गेंद में शतक पूरा किया। हरियाणा को कम होती रोशनी के बीच 177 रन का लक्ष्य मिला जिसके जवाब में टीम ने जब तीन विकेट पर 113 रन बनाए तो दोंनो कप्तान मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। मुल्लांपुर में उत्तर प्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। पंजाब को एक अंक मिला। पंजाब के 210 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने पहली पारी नौ विकेट पर 556 रन बनाकर घोषित की थी। पंजाब ने 346 रन से पिछड़ने के बाद जसकरणवीर सिंह पॉल (नाबाद 115) और पुखराज मान (91) की पारियों से दूसरी पारी में तीन विकेट पर 267 रन बनाए जिसके बाद मैच को ड्रॉ घोषित किया गया। कोलकाता में केरल और बंगाल दोनों की पहली पारी खत्म नहीं हो पाने के कारण दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। केरल ने पहली पारी नौ विकेट पर 356 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में बंगाल ने पहली पारी में तीन विकेट पर 181 रन बनाए।

## हर्षित राणा तीसरे टेस्ट से पहले मुंबई में भारतीय टीम से जुड़ेंगे

**नयी दिल्ली :** रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में दिल्ली की पहली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में शामिल होंगे।राणा को पुणे में खेले गये दूसरे टेस्ट से पहले असम के खिलाफ दिल्ली के मैच के लिए रिलीज कर दिया गया था। भारतीय टीम को इस मैच में 113 रन की शिकस्त मिली थी। टीम इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से 0-2 से पिछड़ गयी। यह 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर टीम की टेस्ट श्रृंखला में पहली हार है। राणा वानखेड़े स्टेडियम में मैच शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को मुंबई में भारतीय टीम में शामिल होंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी रिजर्व के तौर पर होगी या टीम के सदस्य के तौर पर। इस 22 साल के गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पांच टेस्ट मैचों के लिए मुख्य टीम में चुना गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'हर्षित कल (बुधवार) टीम में शामिल होंगे।' भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले तेज गेंदबाजों के कार्यभार पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है, ऐसे में संभावना है कि इस विभाग के अनुभवी जसप्रीत बुमराह को तीसरे टेस्ट से आराम दिया जाये। अगर ऐसा हुआ तो राणा के पदार्पण की संभावना बढ़ जाएगी। राणा ने असम के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट लिए थे और इसके बाद दूसरी पारी में दो विकेट लिए। दिल्ली ने यह मुकाबला 10 विकेट से जीता था। दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह ने कहा कि राणा टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार हैं।

## बोपन्ना-एब्डेन ने एटीपी फाइनल्स में जगह बनाई

**नयी दिल्ली :** भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। एटीपी फाइनल्स का आयोजन इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा जिसमें दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने इसके अलावा एडीलेड में फाइनल और रोलां गैरो में सेमीफाइनल में भी जगह बनाई। बोपन्ना और एब्डेन ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया है। ये दोनों 2023 में तूरीन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें ग्रेनोलर्स और जेबालोस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना की नजरें अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब पर टिकी हैं। वह इससे पहले 2012 में महेश भूपति और 2015 में फ्लोरिन मर्जिया के साथ मिलकर फाइनल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले 2011 में ऐसा उल हक कुरैशी के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

## गिल, राशिद, सुदर्शन को टीम में बरकरार रख सकते हैं टाइटंस

नयी दिल्ली : गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी से पहले अपने कप्तान शुभमन गिल, स्टार स्पिनर राशिद खान और बायें हाथ के बल्लेबाज साइ सुदर्शन को टीम में बरकरार (रिटेंशन) रख सकता है। आक्रामक बल्लेबाज राहुल तेवतिया और शाहरूख खान को भी बरकरार रखे जाने की संभावना है। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, 'शुभमन, राशिद और साइ को फ्रेंचाइजी बरकरार रख सकती है।' भारतीय क्रिकेट टीम के भावी कप्तान माने जा रहे गिल ने इस साल पहली बार टाइटंस की कप्तानी की जब टीम दस टीमों में आठवें स्थान पर रही थी।

# समाज्ञा व्यापार

# भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था, जल्द तीसरे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद: राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और जल्द ही इसके तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। मुर्मू ने दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के सामने मजबूत प्रदर्शन कर रही है और 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था दस गुना बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और जल्द ही इसके तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।' विश्व बैंक के ताजा अनुमान के अनुसार भारत ने 2023 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 16 प्रतिशत का योगदान दिया। राष्ट्रपति ने भारतीय व्यापार सेवा और भारतीय लागत लेखा सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक दस गुना बढ़ने की संभावना है।' ये अधिकारी राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात के लिए आये थे। उन्होंने कहा कि 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की तीव्र आर्थिक वृद्धि के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के सामने मजबूती का प्रदर्शन कर रही है। मुर्मू ने कहा कि भारत को प्रति व्यक्ति आय के स्तर को बढ़ाने और वैश्विक चुनौतियों के बीच वृद्धि के उच्च स्तर को बनाये रखने के लिए निजी निवेश आकर्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नीतियां निवेशकों के अनुकूल है। ज्यादातर क्षेत्र स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के लिए खुले हैं। मुर्मू ने कहा, 'सरकार की कई पहल वृद्धि के लिए एक सक्षम परिवेश का निर्माण कर रही हैं।



अमेरिका और ब्रिटेन के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश है।' उन्होंने अधिकारियों से कृत्रिम मेधा की प्रगति के बारे में सीखते रहने और खुद को अद्यतन करते रहने को कहा। साथ ही भारत की वैश्विक क्षमता को बढ़ाने में योगदान देने के लिए अपने कामकाज में संबंधित प्रौद्योगिकियों का बेहतर उपयोग करने के लिए भी कहा। मुर्मू ने कहा, 'सरकार का विनिर्माण को बढ़ावा देने पर जोर है...ऐसे में सीमापार व्यापार बढ़ाने के लिए एक अनुकूल परिवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण की सुविधा प्रदान करना आपकी जिम्मेदारी होगी।' राष्ट्रपति ने कहा, 'जीएसटी प्रणाली के क्रियान्वयन में आपके ऑडिट, राजस्व की चोरी का पता लगाने और अनुपालन उपायों को बढ़ाने में सहायक रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'आपको हमेशा बेहतरी के लिए प्रयास करना चाहिए। इस तथ्य से अवगत रहें कि आप जो कुछ भी करते हैं उसका कमजोर और वंचित वर्ग के लोगों के कल्याण पर अंतिम प्रभाव पड़ता है।' राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ऐसे समय पर सेवा में शामिल हुए हैं जब वे भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा, 'नए, उभरते और जीवंत भारत की गाथा असाधारण होने वाली है और आप इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं।'

## बैंक, पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 364 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 364 अंक और चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच कारोबार के अंतिम घंटे में बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 363.99 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,369.03 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक नुकसान में खुला और एक समय 583.69 अंक लुढ़क गया था। हालांकि, दोपहर के कारोबार में बैंक, वित्तीय तथा पेट्रोलियम शेयरों में लिवाली आने से बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 80,450.48 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 16 लाभ में जबकि 14 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी



127.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,466.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों की लिवाली से बाजार में तेजी आई है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से भारतीय स्टेट बैंक पांच प्रतिशत उछला। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी में दूसरे दिन तेजी रही। यह सुबह के कारोबार में निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा। बैंकों का प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन अच्छा रहा।' मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.74 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'निफ्टी की शुरुआत नकारात्मक रुख के साथ हुई लेकिन बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले चुनिंदा कंपनियों खासकर बैंक क्षेत्र में मजबूती से बाजार कारोबार आगे बढ़ने के साथ बढ़त में रहा।' शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,228.08 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे जबकि डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशक) ने 1,400.85 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

## धनतेरस पर सोना 300 रुपये मजबूत, चांदी 200 रुपये चमकी

**नयी दिल्ली :** धनतेरस के मौके पर आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की अच्छी मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 300 रुपये की तेजी के साथ 81,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का विनिर्माताओं की बढ़ती मांग के कारण चांदी 200 रुपये बढ़कर 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि वे मौजूदा स्तरों पर सोने की पारंपरिक खरीद को नजरअंदाज करते हुए सांकेतिक खरीद के लिए चांदी के सिक्कों को तरजीह दे रहे हैं। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये उछलकर 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## रश्मि और स्मार्टेक्स ब्रांड के ब्रांड एम्बेसडर बने कुमार सानू



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रकाश, विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अग्रणी धनश्री इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बॉलीवुड के प्रतिष्ठित गायक कुमार सानू को अपने प्रसिद्ध ब्रांड्स रश्मि और स्मार्टक्स का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कंपनी अपने ऊर्जा-संरक्षणीय और नवाचारी उत्पादों को पूरे भारत में वितरित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी विस्तार योजना पर काम कर रही है। इस अवसर पर कुमार सानू ने 23 अक्टूबर को कोलकाता के सॉल्टलेक सेक्टर में रश्मि लाइटिंग लाउंज का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान, उन्होंने रश्मि ब्रांड की 75 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत की प्रशंसा की और कंपनी की अत्याधुनिक इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग सेटअप की सराहना की। उन्होंने रश्मि ब्रांड के नवाचारी और ऊर्जा-बचत उत्पादों जैसे कि फोल्ड बल्ब, मोशन सेंसर लाइटिंग, फैन बल्ब, रोप लाइट, फेरी कर्टन लाइट, सोलर लाइटिंग समाधान, और नीयन रोप लाइट की तारीफ की।



कोलकाता एयरपोर्ट में दिवाली के अवसर पर इंडिगो के कर्मचारियों ने बनाई आकर्षक रंगोली।

## दस लाख से कम कीमत वाली कारों की बिक्री घटना चिंता का कारण: मारुति सुजुकी चेयरमैन

**नयी दिल्ली :** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने मंगलवार को कहा कि 10 लाख रुपये से कम कीमत वाली कारों की बिक्री घटना चिंता का विषय है। एक समय कुल बिक्री में इन कारों की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत होती थी, लेकिन अब यह लगातार घट रही है। उन्होंने कहा कि इसका कारण लोगों के पास खर्च योग्य आय का कम होना है। भार्गव ने कहा, 'कुल मिलाकर इस खंड में बिक्री में कमी के कारण कार बाजार में समग्र वृद्धि नहीं हो रही है। बाजार में इस स्तर में वृद्धि को वापस लेने के लिए लोगों के पास अधिक खर्च योग्य आय की आवश्यकता है। हालांकि, कंपनी को उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री में 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी।' उन्होंने तिमाही नतीजों पर संवाददाताओं से 'कॉन्फ्रेंस कॉल में कहा, 'सचाई यह है कि 10 लाख रुपये से कम के दाम वाली कारों का बाजार नहीं बढ़ रहा है। वास्तव में, यह घट रहा है। यह चिंता की बात है क्योंकि जब तक बाजार के इस खंड में वृद्धि नहीं होती, समग्र वृद्धि पर असर होगा।' सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स) के आंकड़ों के अनुसार बाजार में 10 लाख रुपये कम कीमत वाले कारों की हिस्सेदारी 2018-19 में 80 प्रतिशत थी। उस दौरान यात्री वाहनों की थोक बिक्री भारत में 33,77,436 इकाई थी। दस लाख रुपये से कम के यात्री वाहनों की हिस्-सेदारी अब बाजार में 50 प्रतिशत से भी कम है। वित्त वर्ष 2023-24 में, देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 42,18,746 इकाइयों की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गयी थी। भार्गव ने कहा, 'इस खंड का बाजार फिलहाल नहीं बढ़ रहा है। यह चिंता का कारण है...सचाई यह है कि वृद्धि केवल महंगी कारों में हो रही है। मुझे लगता है कि इससे मुझे बहुत ज्यादा खुशी नहीं मिलती।' उनसे यह पूछा गया था कि क्या घरेलू यात्री वाहन बाजार में नरमी चिंता का कारण है। मारुति सुजुकी इंडिया परंपरागत रूप से छोटी और कॉम्पैक्ट कार बाजार में अगुवा रही है। लेकिन अब 10 लाख रुपये से कम कीमत वाले वाहन खंड में बिक्री नहीं बढ़ रही है। यह पूछे जाने पर कि 10 लाख रुपये से कम दाम के वाहनों की बिक्री में गिरावट का कारण क्या है और लोग उस श्रेणी में कार क्यों नहीं खरीद रहे हैं, उन्होंने कहा, इसका कारण 'किफायत' का मामला है। खर्च योग्य आय कम होने के कारण लोग खरीद नहीं पा रहे हैं।

## अगले वर्ष से तीन साल बाद जीएसटी रिटर्न फाइल करने पर होगी पाबंदी

**नयी दिल्ली :** जीएसटी रिटर्न को लेकर अगले साल की शुरुआत से नियम में बदलाव हो रहे हैं। इसके तहत 2025 की शुरुआत से जीएसटी करदाता मूल रूप से रिटर्न फाइल करने की नियत तारीख से तीन साल बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने मंगलवार को एक परामर्श में यह कहा। इसमें कहा गया है कि जीएसटी बिक्री रिटर्न के अलावा देनदारी के भुगतान, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर कर संग्रह से संबंधित रिटर्न पर नया नियम लागू होगा। यानी रिटर्न जमा करने की नियत तिथि से तीन साल की अवधि की समाप्ति के बाद रिटर्न भरने पर पाबंदी होगी। जीएसटीएन ने कहा, 'उक्त बदलाव अगले साल (2025) की शुरुआत से जीएसटी पोर्टल में लागू होने जा रहा है। इसीलिए, करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने रिकॉर्ड का मिलान कर लें और अभी तक जीएसटी रिटर्न नहीं भरा है तो जितनी जल्दी हो उसे भर दें।' एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि जीएसटीएन ने अनुपालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत तीन साल की समयसीमा के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने पर रोक है। उन्होंने कहा, 'यह कदम समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने, आंकड़ों की विश्वसनीयता बढ़ाने और जीएसटी प्रणाली के भीतर बिना भरे रिटर्न के 'बैकलॉग' को संभावित रूप से कम करने के मकसद से जुड़ा है।

**वर्ष 9, पूर्णांक 4045 अंक 195, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in